पारा आपडेट
मैक्सिमम 29.00 | मिनीमम 16.00
सूर्यास्त (आज) 17.47
सूर्योदय (कल) 06.18
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 75,735.96 ● निफ्टी 22,913.15 ● डॉलर 86.63 ₹ ● सोना 86,570 ₹ ● चांदी 1,09,000 ₹

पेज 06 जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित... पेज 08 हावड़ा से एक करोड़ रुपये का...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 229 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### अरुण गवली की जमानत याचिका खारिज, हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से राजनेता बने अरुण गवली की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने बॉम्बे हाई कोर्ट की ओर से गवली की जमानत याचिका खारिज करने के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। दरअसल, 2007 में मुंबई शिवसेना के पार्षद कमलाकर जमसानदेकर की हत्या के मामले में गवली आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। मुंबई के सेशंस कोर्ट ने अगस्त, 2012 में गवली को उम्रकैद और 17 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। सुनवाई के दौरान गवली की ओर से पेश वकील ने कहा कि इस मामले के बाकी सह-अभियुक्तों को जमानत मिल चुकी है। गवली की ओर से कहा गया था कि वो महाराष्ट्र सरकार की 2006 की माफीनामा नीति की सभी शर्तें पूरी करता है।

### मोदी आज भारत मंडपम में सोल लीडरशिप सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार सोल लीडरशिप सम्मेलन के प्रथम संस्करण का उद्घाटन करेंगे जिसमें मुख्य उद्बोधन भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे देंगे। राजधानी के भारत मंडपम में 21 से 22 फरवरी तक चलने वाला दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्मेलन राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों की हस्तियां अपनी प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करेंगीं और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगीं। यह सम्मेलन सहयोग और विचार नेतृत्व के एक इकोसिस्टम को बढ़ावा देगा, जिससे युवाओं को प्रेरित करने के लिए विफलताओं और सफलताओं दोनों से सीख देगी।

### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियान के दौरान बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस ने आज बताया कि तेंगनौपाल जिले के माछी थाना क्षेत्र के एसएल जौगम इलाके से तीन इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, दो मस्केट राइफल, एक टूटी हुई मैगजीन, एक स्पॉटर स्कोप, दो दूरबीन, एक मोनोक्यूलर साइट, एक हेलमेट, पांच बुलेटप्रूफ वेस्ट (बिना बुलेटप्रूफ प्लेट के) और दो राइफल स्लिंग बरामद किए गए। दूसरी कार्रवाई में मोरेह थाना क्षेत्र के माओजांग गांव से एक एके-56 राइफल, दो 9मिमी पिस्तौल (मैगजीन सहित), एक 40मिमी लाथोड गन, दो चीनी हैंड ग्रेनेड, दो अन्य ग्रेनेड, पांच हैंडसेट (तीन चार्जर सहित), चार हेडफोन, दो स्लिंग और एक केनबो बाइक जब्त की गई।

### एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी, जांच शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है। मुंबई पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था। इसकी जानकारी मिलते ही इस ई-मेल को भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा-नीत राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की हुई बैठक

# बिहार, बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के बाद 'इंपीरियल' होटल में भाजपा-नीत राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई। इस दौरान राजग नेताओं ने बिहार और पश्चिम बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे।

इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और अन्य घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं ने भी इसमें शिरकत की। इस बैठक में एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी को सभी ने महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में मिली जीत पर बधाई दी। वहीं दूसरी ओर आगामी बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य चुनावों में एकजुटता से लड़ने का आश्वासन दिया।

दोपहर भोज के बाद नेताओं ने एक सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। राजग के घटक दल के नेताओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार प्रमुख रूप से शामिल हुए। महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जदयू नेता एवं केन्द्रीय मंत्री लल्लन सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि सभी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राजग के नेता शपथ ग्रहण समारोह के लिए दिल्ली आए थे। शपथ समारोह के बाद राजग नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की जीत के लिए बधाई दी। सभी राजग नेताओं ने सभी आगामी चुनावों जैसे बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए दृढ़ता से लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर के तहत चुनाव लड़ेंगे।

राजग नेताओं ने होटल में जाते और बाहर निकलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री का पदभार संभालने वाली रेखा गुप्ता और अन्य मंत्रियों को बधाई दी। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह हम सबके लिए एक गर्व और खुशी का विषय है कि एक महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।

# रेखा गुप्ता के हाथों में दिल्ली की बागडोर, जेड श्रेणी सुरक्षा मिली

- दिल्ली की नौंवी मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ
- छह विधायकों ने भी ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आज दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता दिल्ली की बागडोर संभालने वालीं नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य और दिव्य समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके घर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता दिल्ली में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वो वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं।



### शपथ ग्रहण समारोह में इनकी रही उपस्थिति

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीयमंत्री ललन सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने।

### रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला, बोली- जनता की सेवा में समर्पित रहूंगी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में कार्यभार संभाला लिया। इससे पहले रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में दिल्ली का हर दिन विकास पथ पर निरंतर प्रशस्त होता जाएगा। वह और उनके मंत्री संकल्पित भाव से विकसित दिल्ली का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने आगे लिखा, मैं दिल्ली की जनता को विश्वास दिलाती हूं कि उनके जीवन का हर एक पल आपकी सेवा में समर्पित होगा। प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसी सामान्य कार्यकर्ता पर दिल्ली की जन आकांक्षाओं को पूरा करने की जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दूंगी।

### प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को दी बधाई

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि दिल्ली के विकास के लिए वे पूरी शक्ति के साथ काम करेंगी और उनका कार्यकाल एक फलदाई कार्यकाल होगा। उन्होंने कहा कि कैंपस की राजनीति, राज्य के संगठन, नगरपालिका प्रशासन और विधायक तथा अब मुख्यमंत्री के तौर पर सक्रियता के साथ काम करते हुए वे जमीनी स्तर से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ने मंत्री पद की शपथ लेने वाले प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह टीम साहस और अनुभव का संगम है और निश्चित रूप से दिल्ली के लिए सुशासन सुनिश्चित करेगी।

### जौनपुर में भीषण सड़क हादसा

# हजारीबाग के छह लोगों की मौत, पांच की हालत गंभीर



- महाकुंभ से स्नान कर लौटते वक्त हुई घटना

संवाददाता

**कटकमसांडी।** दर्दनाक सड़क दुर्घटना में कुंभ स्नान से लौट रहे कटकमसांडी के छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा यूपी के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर हुआ।

पांच दिन पूर्व कंडसार गांव से 11 श्रद्धालुओं का जत्था विक्टा सुमो वाहन से कुंभ स्नान के लिए निकला था। स्नान कर लौटते समय बुधवार संध्या करीब आठ बजे विक्टा वाहन एक बस से टकरा गया, जिसके बाद तेज गति से आ रही एक ट्रक की चपेट में आ गया। दुर्घटना में वाहन के परखच्चे उड़ गए और छह श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वालों में कांति देवी, धनवा देवी, मतिया देवी, मुनिया देवी, केशिया देवी और रंजीत यादव शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को समीप के सरकारी अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इनमें छह वर्षीय आयुष कुमार, पवन कुमार समेत तीन अन्य घायल हैं। इस हादसे के बाद कंडसार गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव के लोग अब तक मृतकों के परिजनों को इस घटना की जानकारी नहीं दे पाए हैं और उन्हें मामूली दुर्घटना का हवाला देकर सांत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं।

## केंद्र ने अश्लील सामग्री पर ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए जारी की एडवाइजरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के स्टैंड-अप शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर विवादास्पद टिप्पणियों के बीच केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्री पर ओटीटी प्लेटफार्मों को एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी ओटीटी और सोशल मीडिया चैनलों को उम्र के हिसाब के क्लासिफिकेशन करने और स्व-नियमन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

19 फरवरी को जारी एडवाइजरी के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म को कंटेंट प्रसारित करते समय कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करना होगा, जिसमें नैतिक संहिता के तहत निर्धारित सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना भी शामिल है। एडवाइजरी में कहा कि गया है कि संसद सदस्यों, वैधानिक संगठनों के प्रतिनिधित्व और लोगों से प्राप्त शिकायतों के बाद अश्लील सामग्री के कथित प्रसार के संबंध में ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट (ओटीटी) और सोशल मीडिया के प्रकाशकों को एक एडवाइजरी जारी की है।

## जैक : मैट्रिक की हिन्दी और विज्ञान की परीक्षाएं रद्द

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद् ने गुरुवार को मैट्रिक के दो विषयों हिन्दी और विज्ञान की परीक्षाएं रद्द कर दी है। जैक ने 18 फरवरी को पहली पाली में ली गई हिन्दी के कोर्स ए और कोर्स बी और 20 फरवरी को होनेवाली पहली पाली में होनेवाली विज्ञान की परीक्षा को रद्द किया है। दोनों विषयों की परीक्षा को रद्द करने को लेकर जैक की ओर से पत्र जारी कर राज्य भर के छात्र और उनके अभिभावकों को सूचना दी है। वहीं भाजपा ने इसकी आलोचना की है। भाजपा की ओर से विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमारी बाउरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य की झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार में जेएसएससी और जेपीएससी का प्रश्न पत्र लीक होते होते अब मैट्रिक का प्रश्न पत्र भी लीक होने लगा है। उन्होंने इस घटना को झारखंड के लिए दुर्भाग्यजनक बताया है और राज्य सरकार से संवेदनशील होकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## सुप्रीम कोर्ट से लोकपाल को झटका, हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ आदेश पर लगायी रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के जजों पर लोकपाल के फैसले पर बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने लोकपाल के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि यह फैसला परेशान करने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर लोकपाल को सुनवाई का अधिकार घोषित करने वाले लोकपाल के 27 जनवरी के आदेश पर रोक लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल में शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को निर्देश दिया कि उन्होंने जिस जज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है उसका नाम सार्वजनिक नहीं करें। शिकायतकर्ता ने लोकपाल से शिकायत की थी कि एक निजी फर्म उस जज का पहले मुवक्किल रह चुका है जब वो वकालत करते थे।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल की बेंच ने 27 जनवरी के अपने आदेश में हाई कोर्ट के जज के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। आज सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकपाल ने कानून की गलत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के जज को लोकपाल की परिधि में नहीं लाया गया है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी लोकपाल के आदेश की आलोचना की और कोर्ट से इस पर रोक लगाने की मांग की।

**महाकुम्भ** गंगा नदी के जल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को देश के शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने प्रयोगशाला में झूठा साबित किया

# 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद भी गंगा जल अल्कलाइन वाटर से बेहतर

एजेंसी

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में अब तक 57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इसके बावजूद गंगा जल की शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने अपनी प्रयोगशाला में यह सिद्ध कर दिया है कि गंगा का जल न केवल स्नान योग्य है, बल्कि अल्कलाइन वाटर जैसा शुद्ध है। गंगा नदी के जल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने अपनी प्रयोगशाला में झूठा साबित कर दिया है। उन्होंने अपने सामने गंगा जल लेकर प्रयोगशाला में जांचने की खुली चुनौती भी दी है। साथ ही कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो, वह मेरे सामने गंगा जल ले और प्रयोगशाला में जांचकर संतुष्ट हो जाए। मोती उगाने की दुनिया में जापानी वर्चस्व को चुनौती देने वाले शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक ने संगम और अरैल के साथ एक दो नहीं बल्कि पांच घाटों से गंगा जल कलेक्ट किया है। डॉ. सोनकर के लगातार तीन महीने के शोध में यह साबित किया कि गंगा जल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। प्रयोगशाला में इसकी शुद्धता की पूरी तरह से पुष्टि हो गई है। बैक्टीरियोफेज के कारण गंगा जल की अद्भुत स्वच्छता क्षमता हर तरह से बरकरार है।



देश के शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने महाकुम्भनगर के संगम नोज और अरैल समेत अलग-अलग पांच प्रमुख स्नान घाटों से खुद जाकर जल के नमूने इकट्ठा किए। इसके बाद उन्हें अपनी प्रयोगशाला में सूक्ष्म परीक्षण के लिए रखा। डॉ. अजय के अनुसार आश्चर्यजनक रूप से करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ देखी गई और न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। यही कारण है कि गंगा जल में 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने के बाद भी उसका पानी दूषित नहीं हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ संस्थाओं और लोगों ने जनता में एक तरह का भ्रम फैलाया। जिसमें गंगा जल को आचमन और स्नान के लिए अयोग्य बताया गया था।

### गंगा का जल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. सोनकर ने यह भी स्पष्ट किया कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है, बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते। दावा है कि कोई भी व्यक्ति उनके साथ घाटों पर जाकर जल के नमूने इकट्ठा कर सकता है और प्रयोगशाला में उनकी शुद्धता की पुष्टि कर सकता है। महाकुम्भ में 57 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान के बावजूद गंगा जल आज भी अपनी प्राकृतिक शक्ति से रोगमुक्त बना हुआ है।

### गंगा जल प्रदूषित होता तो अब तक मच गया होता हाहाकार

डॉ. सोनकर ने कहा कि यहां महाकुम्भ को लेकर एक बात बहुत ध्यान देने वाली है और वो यह कि जिस प्रकार गंगा के जल को महाकुम्भ के पहले से ही अति दूषित बताकर दुष्प्रचार किया जा रहा है, लेकिन यदि ऐसी स्थिति सच में हुई होती तो अब तक दुनिया में हाहाकार मच गया होता। अस्पतालों में कहीं पैर रखने की जगह भी नहीं बची होती। ये मां गंगा की स्वयं को शुद्ध कर लेने की अद्भुत शक्ति है कि 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान कर लेने के बाद भी किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। भ्रम फैलाने वालों से पूछा जाना चाहिए कि यदि गंगा जल दूषित है तो इन 57 करोड़ श्रद्धालुओं में से एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की बीमारी की कोई शिकायत क्यों नहीं पाई गई।

### बैक्टीरिया की संख्या 37 डिग्री इंक्यूबेशन कंडीशन में भी नहीं बढ़ी

डॉ. सोनकर के अनुसार पानी में बैक्टीरिया की वृद्धि पानी को अम्लीय बना देते हैं। कई बैक्टीरिया अपने चयापचय के हिस्से के रूप में अम्लीय उपोत्पाद उत्पन्न करते हैं, जो पानी के पोटेंशियल आफ हाइड्रोजन (पीएच) स्तर को कम करता है। जैसे ही बैक्टीरिया पोषक तत्वों का उपभोग करते हैं वे लैक्टिक एसिड या कार्बोनिक एसिड जैसे अम्लीय यौगिकों को छोड़ते हैं। जिसकी वजह से पीएच गिर जाता है। लेकिन जांच में पांचों नमूने अल्कलाइन पाए गए, जिसकी पीएच वैल्यू 8.4 से 8.6 रिकॉर्ड हुई है। जो बैक्टीरिया के अप्रभाव को साबित करता है। साथ ही जल के नमूने में जीवित बैक्टीरिया बहुत कम संख्या में थे, जो जैविक रूप से अपनी आबादी बढ़ाने योग्य नहीं पाए गए। 37 डिग्री सेल्सियस पर इंक्यूबेशन कंडीशन में भी बैक्टीरिया की संख्या नहीं बढ़ी है।

# सभी उपायुक्त कैलेंडर बना कर कार्यों का करें निपटारा: मुख्य सचिव अलका तिवारी

संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर विभिन्न कारणों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का निर्देश दिया है।



उन्होंने गुरुवार को राज्य के तमाम उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बना कर कार्यों का निपटारा करें। कैलेंडर के अनुसार विभिन्न मसलों से जुड़ी बैठकें करें। उसकी रिपोर्ट ससमय विभागों को दें। इससे जहां योजना क्रियान्वयन में गति आएगी वहीं विभागों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बाधित होने से उसमें खर्च हुई राशि का लाभ भी राज्य को नहीं मिल पाता है, इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आ रही समस्या के समाधान पर फोकस करें। वह गुरुवार को विभिन्न विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं, जो जिला स्तर पर इस या उस कारण से बाधित हैं, अथवा लेटलतीफी के शिकार हैं।

मुख्य सचिव की समीक्षा में उजागर हुआ कि अधिकांश योजनाओं की प्रगति 70 से 80 प्रतिशत तक हो चुकी है और बाकी बचे काम को पूर्ण करने में रुकावटें आ रही हैं। मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान का निर्देश दिया। रांची के उपायुक्त ने अधिकांश मामले में समाधान होने की जानकारी दी। उसी तरह रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जमीन की समस्या सामने आयी। उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना द्वारा प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बना गांवों को ओडीएफ घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में चार-पांच घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अपूर्ण रह जाती हैं। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस कार्य को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की समस्या बनी हुई है।

मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराए गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा।

कृषि विभाग से जुड़ी पीएम किसान योजना, बिरसा ग्राम सह समेकित पाठशाला, बिरसा-पीएम फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आइसीडीपी एवं डीसीडीसी की समीक्षा के दौरान पाया गया कि फसल बीमा योजना के लिए वास्तविक जमीन से अधिक जमीन पर बीमा का आवेदन दिया गया है। इस मसले को लेकर मुख्य सचिव ने आवेदनों की जांच करते हुए अनाधिकृत दावे को खारिज करने का निर्देश दिया।

वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को पशु देने के साथ उसका बीमा भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमिटी और डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी की नियमित बैठक करने का निर्देश उपायुक्तों को दिया।

विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण, फॉरेस्ट क्लियरेंस, स्थानीय विवाद, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा इत्यादि को लेकर योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक स्तर से बाधा को दूर कराएं। इसके अतिरिक्त राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और ऊर्जा विभाग की जिलों से जुड़ी समस्याओं की भी समीक्षा की गयी और उपायुक्तों को यथोचित निर्देश दिए गए।

## सुखदेव नगर से चार ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए विद्यानगर बड़ा मैदान से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।पुलिस गिरफ्त में आये आरोपियो में अजित कुमार गुप्ता अमन जायसवाल नन्दन वर्मा और हर्ष कुमार शामिल है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से अलग अलग पुड़ियों में बंद कुल आठ ग्राम ब्राउन शुगर तीन स्मार्ट फोन, स्कूटी और 11 हजार रुपया भी बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को पुलिस को सूचना मिली थी की सुखदेव नगर थाना के विद्यानगर बड़ा मैदान में कुछ युवक जमा हैं जो ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे हैं। इसकी जानकारी जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा को दी गयी उसके बाद उनके द्वारा कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में टीम का गठन कर मौके पर छापेमारी की गयी जिसमें पुलिस को देखते ही वहां जमे युवक भागने लगे जिन्हें जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्त में आये चारो आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जब्त ब्राउन शुगर को ये लोग सासाराम की पिंटु साह से खरीद कर रांची लाते हैं और कोतवाली नामकुम लालपुर लोअर बाजार थाना क्षेत्रों के स्कूल कॉलेज के छात्रों सहित पुराने खरीदारों से बिक्री करते हैं। आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस नये सासाराम की पिंटु साह नामक महिला सौदागर के नाम भी मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस 21 को

**रांची।** झारखंड जगुआर का 17 वां स्थापना दिवस 21 फरवरी को मनाया जाएगा। टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर के कैंप में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी अनुराग गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 2008 में स्थापना के बाद से अब तक झारखंड जगुआर ने नक्सली संगठनों के खिलाफ महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। आंध्र प्रदेश के ग्रे हाउंड की तर्ज पर स्थापित, झारखंड जगुआर का गठन 2008 में किया गया था और 2009 में इसने 40 असाल्ट ग्रुप का गठन किया था।

### दखलदिहानी के दौरान हार्ट अटैक से वकील की मौत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से आदेश मिलने के बाद मांडर के पुनगी स्थित अपनी जमीन पर मजिस्ट्रेट व सिविल कोर्ट की टीम के साथ दखलदिहानी के लिए पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश नंद तिवारी (73) का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बताया जा रहा है कि दोपहर 1:45 बजे जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा तब वह पुनगी रोड में मजिस्ट्रेट व सिविल कोर्ट की टीम के साथ मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने टीम को जमीन की पहचान भी करायी थी। इसी बीच अचानक दिल का दौरा पड़ने से वह जमीन पर गिर गये। इलाज के लिए मांडर के मिशन स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। इससे पहले उनकी मौत हो चुकी थी। मूल रूप से पुनगी के ही रहने वाले सुरेश नंद तिवारी पिता सच्चिदानंद तिवारी रांची सिविल व झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता थे और वर्तमान में रांची के हेहल पावा टोली में रहते थे। जानकारी के अनुसार पुनगी में करीब पांच एकड़ 77 डिसमिल पर मालिकाना हक को लेकर जगदीश उरांव वगैरह से उनका लंबे अरसे से कोर्ट में मामला चल रहा था। हाई कोर्ट से डिग्री मिली थी।

### कचरा फेंकने को लेकर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** रातू रोड के मधुकम साईं विहार कॉलोनी में घर के सामने कचरा फेंकने से मना करने पर मीना तिर्की के साथ उसके पड़ोसी मंगरा तिर्की, पुत्र आशीष तिर्की व 10 अज्ञात लोगों ने मारपीट व घर में तोड़फोड़ की। मीना तिर्की ने सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया है कि उसके गेट के सामने एक युवक करण कचरा फेंकने आया था। मना करने पर पड़ोसी मंगरा तिर्की, उसका पुत्र आशीष तिर्की और आठ-10 युवक घर के पास पहुंचे और मारपीट की। घर में भी तोड़फोड़ की। मारपीट में सिर फट गया। पुत्र भी जख्मी हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में बंधु तिर्की बरी

**रांची।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े छह वर्ष पुराने एक मामले में एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने बंधु तिर्की को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। गुरुवार को कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इससे पहले सोमवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का 313 का बयान दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और फैसला सुनाने के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की थी। दरअसल सिल्ली विधानसभा के उप चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अनगड़ा थाना क्षेत्र में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी कहा था। उसी रैली में सुदेश कुमार महतो को नाभि में तीर मारने का बयान भी बंधु तिर्की ने दिया था। इसके बाद उनके संबोधन को लेकर राहे की तत्कालीन सीओ ने अनगड़ा थाना में 7 जून 2018 को बंधु तिर्की के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बंधु तिर्की पर छह जुलाई 2022 को आरोप गठित किया गया था। जब यह पूरा घटनाक्रम हुआ था, उस दौरान बंधु तिर्की जेवीएम में थे।

### बिरसा आबा की धरती पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का हुआ स्वागत

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को बिरसा आबा की धरती रांची के विकास भारती पहुंचे, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची के विधायक सी पी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गोल्ड एवं सिल्वर मेडल विजेता सम्मानित

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड ने अपने कार्यालय कक्ष में 68वीं ऑल इंडिया पुलिस डियुटी मीट 2024-25 के झारखण्ड पुलिस के विजेताओं को सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि 68वीं ऑल इंडिया पुलिस डियुटी मीट 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक-10.02.2024 से 15.02.2024 तक झारखण्ड, राँची में किया गया था । जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से कुल 18 राज्य के प्रतिभागी एवं केन्द्र शासित प्रदेश के 02 राज्य के प्रतिभागी एवं देश के अर्द्ध सैनिक संगठन के कुल-08 टीमों ने भाग ली थी।

## शर्मा मार्केट के पायल होजियरी सहित तीन दुकानों में लगी भीषण आग

### करोड़ों के कपड़े और होम फर्निशिंग के आईटम जल कर हो गये खाक

वरीय संवाददाता

**रांची।** अपर बाजार शर्मा मार्केट स्थित पायल होजियरी में गुरुवार की सुबह करीब छह बजे शॉट सर्किट से आग लग गयी, जो देखते ही देखते मार्केट के और दुकानों को भी चपेट में ले लिया जिससे तीन बड़े व्यवसायियों को करोड़ो का नुकसान हुआ है।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब छह बजे आस पास के लोगों ने हरजीत सिंह की पायल होजियरी नामक कपड़े की दुकान से धुआं निकलता देख संचालक और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पाते ही कोतवाली थाना प्रभारी आदिकांत महतो सदलबल मौके पर पहुंच कर दमकल बुलाया और भीड़ को हटाया लेकिन जब तक दमकल पहुंची तब तक आग समीर सिंह की कपड़े की दुकान और शोभा देवी की होम फर्निशिंग नामक गद्दा कुशन चादर तकिया वगैरह की दुकान को भी पुरी तरह से चपेट में ले चुकी थी। बाद में दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए जीजान एक कर दी उसके बावजूद मर्केट के अंदर आग भड़कती ही गयी। इधर एक के बाद एक कर दर्जनों दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचती रही कई दमकल का पानी खत्म हो जाने से अफरा तफरी मची रही। आग लगने की सूचना जिसे मिली वह व्यवासायी भागते हुए अपनी चिंता करते मौके पर पहुंच गया। मार्केट के आसपास के सभी दुकानदारों को अपनी चिंता थी और वे परेशान थे।

### तीन कारोबारियों ने थाने में दी लिखित जानकारी



**दिन भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझने पर तीन करोबारियों हरजीत सिंह समीर सिंह और शोभा देवी ने शॉट सर्किट से दुकानों में आग लगने की बात कोतवाली थाने में दिये हैं, जिसमें हरजीत सिंह ने 50 से 60 लाख समीर सिंह ने 75 लाख और होम फर्निशिंग की संचालक शोभा देवी ने 54 लाख से ज्यादा नुकसान होने की शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक हरजीत सिंह और समीर सिंह की दुकानों का बीमा है लेकिन शोभा देवी ने नयी दुकान की थी इस लिए उनकी दुकान का बीमा नहीं था। हालांकि दुकान मलिकों द्वारा नुकसान की दी गयी जानकारी में उतार चढ़ाव भी हो सकता है। क्योंकि घटना स्थल को देख कर लोग कई करोड़ के नुकसान होने का अंदाजा लगा रहे हैं।**

## दो वाहनों की भिडंत में एक की मौत

### बारिश के बाद हुई खराब मौसम के कारण चालकों को सामने की गाड़ी दिखाई नहीं पड़ी

**स्थानीय लोगों की मदद से घायल वैन चालक को ईलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया गया**

**मृतक अशोक मसीह मूल रुप से पंजाब के रहने वाला था**



वरीय संवाददाता

**रांची।** खूंटी रांची बॉडर से थोड़ा आगे फुदी के पास गुरुवार की सुबह करीब सात बजे एक चेचिस और डाक वैन में सीधी भिड़ंत हो गयी, जिसमें डाक वैन पलट गयी और चालक मामुली घायल हुआ जबकि चेचिस का चालक स्टीयरिंग में बुरी तरह दब कर जख्मी हो गया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे अन्य चेचिस के चालक सहित दूसरी गाड़ियों के चालक और आस पास के लाग जमा हो गये, बाद में पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और स्थानीय लोगों की मदद से घायल वैन चालक को ईलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल पहुंचा दी। वहीं चेचिस में बुरी तरह से फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाल अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक चेचिस का चालक मृतक अशोक मसीह मूल रुप से पंजाब के गदरपुर उधम सिंह नगर के राजपुर फतेह गंज का रहने वाला था। वह अपने कई साथियों के साथ ग्रुप में टाटा से चेचिस लेकर लखनउ जा रहा था। उसी दौरान फुदी के पास पहुंचते ही खराब मौसम के कारण सामने से आ रहे डाक वैन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गयी जिससे चालक अशोक मसही अपनी सीट पर ही दब कर फंस गया।

### 29वां दीप प्रज्वलन एवं शपथग्रहण समारोह संपन्न

## ईश्वर ने आपको नर्सिंग जैसे महान कार्य के लिए चुना है: नर्सिंग सुपरिटेंडेंट



संवाददाता

**रांची।** मेटास एड्वेंटिस्ट कॉलेज एवम एसडीए हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग में गुरुवार को दीप प्रज्वलन और शपथग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बेसिक बीएससी नर्सिंग के 60 और जीएनएम के 20 छात्र छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटेंगल शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रों के अलावा छात्रों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती बीना कुमारी नर्सिंग सुपरीटेंडेंट ने कहा कि यह समारोह आपके जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण समारोह है क्योंकि आज के इस दिन में आप नर्सिंग के इस महान प्रोफेशन में अपना पहला दृढ़ संकल्प लेने वाले हैं। आज आप जो दीप प्रज्वलित करेंगे वह आपके द्वारा बीमार एवं घायल व्यक्तियों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित होने के दृढ़ निर्णय का प्रतीक होगा। दीप की यह रोशनी आपके बीच ज्ञान, कौशल और नर्सिंग भावना के हस्तांतरण का प्रतीक है। आज आप सब यह घोषणा करते हैं कि आप अपना जीवन मानवता की सेवा के लिए संपूर्ण रूप से समर्पित कर रहे हैं। नर्सिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण पेशा है क्योंकि हम नर्सों के पास हमारे मरीज एवं उनके परिजनों के लिए दिल, दिमाग,आत्मा और शरीर को ठीक करने का ईश्वरीय अवसर प्राप्त होता है।

## सरकार महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है: दीपिका पांडेय सिंह

संवाददाता

**रांची।** पंचायत योजनाओं में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को शामिल करने के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल चाणक्या, बीएनआर, रांची में किया गया। चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें जमीनी स्तर पर समावेशी प्रक्रिया को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने अपने संबोधन में पंचायतों को बाल-संवेदनशील और महिला हितैषी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एनजीओ को आह्वान किया कि वे सामने आयें एवं इस प्रतिबद्धता को हासिल करने में हाथ बटायें । खूंटी और धनबाद में सीआईएनआई द्वारा बाल-हितैषी ग्राम विकसित करने की पहल राज्य के लिए एक मॉडल है, जिसे झारखंड के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है। जब समुदाय बाल संरक्षण के मुद्दों को समझकर स्थानीय समाधान विकसित करता है, तो इससे बाल अधिकारों के उल्लंघन को रोका जा सकता है और सामुदायिक सुरक्षा प्रणाली मजबूत होती है।



पंचायती राज संस्थानों और बाल संरक्षण प्रयासों के समन्वय को बढ़ावा देने की यह पहल सराहनीय है। यह झारखंड में बाल-संवेदनशील और बाल-हितैषी ग्रामों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर शैलेश कुमार, उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, ने पंचायत योजनाओं में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को एकीकृत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। मेघेंद्र बैनर्जी ने पंचायत शासन में बाल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को शामिल करने के महत्व को उजागर किया।

खूंटी और धनबाद के नेचूलर लीडर ने सामुदायिक स्तर पर बाल संरक्षण प्रयासों को प्रदर्शित किया, जिसमें बाल तस्करी, बाल विवाह और स्कूल छोड़ने की समस्याओं को कम करने की दिशा में किए गए कार्यों को साझा किया। इस अवसर पर जीपीडीपी मार्गदर्शिका का विमोचन किया गया, जो पंचायतों को बाल-हितैषी और लैंगिक-संवेदनशील योजना अपनाने में मार्गदर्शन करेगा। मरीन मुखजी, सहायक निदेशक एवं श्रीमती अनिता सिन्हा ने पश्चिम बंगाल और झारखंड में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को स्थानीय विकास योजनाओं में शामिल करने पर किए गए प्रयास को साझा कीं।

## 23 को होगी गठबंधन विधायक दल की बैठक

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड बजट सत्र की शुरूआत 24 फरवरी को हो रही है, सत्र की शुरूआत से पहले इंडी गठबंधन के विधायक दल की नेताओं की बैठक कांके रोड स्थित सीएम आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में विपक्ष को घेरने की रणनीति बनेगी, वही गठबंधन विधायक दल की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू मौजूद रहेगे। वही विधायक दल की बैठक से संबंधित जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बजट सत्र से पहले 23 फरवरी कि दोपहर पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी, जिसके बाद गठबंधन विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री के साथ कांके रोड स्थित सीएम आवास में होगी।



**नेता प्रतिपक्ष चुनना बीजेपी का काम: कमलेश**

वही नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष पर बीजेपी को फैसला लेना है, हम लोगो ने अपना विधायक दल का नेता चुनने के साथ गठबंधन विधायक दल का भी नेता चुन लिया है।

**24 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण**

बजट सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा, देश की दिवंगत विभूतियों को इस दिन याद किया जाएगा। उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी, अगले दिन 25 फरवरी को पूरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर पक्ष-विपक्ष के सदस्य चर्चा करेंगे। अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के लिए भी एक दिन रखा गया है, 3 मार्च को मुख्य बजट पेश किया जाएगा। इसके बाद दूसरी पाली में 24 मार्च तक चर्चा होगी। 25 मार्च को राजकीय विधेयक और राजकीय कार्य होंगे।

## जनजातीय समाज की मुन्नी गुरकी पंचतत्व में विलीन

संवाददाता

**रांची।** लोहरदगा की रहने वाली एक जनजातीय महिला मुन्नी गुरकी जो असन्तुलित मानसिक अवस्था में 21 वर्ष पूर्व (वर्ष 2004) में लोहरदगा की सड़कों पर घूमती हुई मिली थी। उसको वाहन से उठाकर रांची स्थित निर्मल हृदय आश्रम में लाकर रखा गया और उसका मानसिक इलाज करवाया गया। चार वर्ष पूर्व वह स्तान कैंसर से पीड़ित हो गई, निरन्तर आश्रम में उसकी चिकित्सा हुई। अन्ततः कैंसर से उसका निधन हो गया। उनकी आयु 68 वर्ष थी और उसका घरवालों से कोई संपर्क नहीं रहा था। उसके शवदाह के लिए विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग की ओर से रांची लायंस क्लब रांची की अनाथ दिव्यांग लोगों के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह से आग्रह करने पर क्लब के सभी सदस्य इस मानवीय सेवा हेतु मुन्नी गुरकी के दाह संस्कार के लिए तैयार हो गए।



हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### यज्ञ मंडप स्थल पर एक विद्वत संगोष्ठी का आयोजन



**बोकारो।** गुरुवार को सूर्य मंदिर परिसर यज्ञ मंडप स्थल पर एक विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बोकारो से आए विद्वान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वेद मूर्ति डॉ० अनिल कुमार पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म में शुभ कार्यों में हवन का विशेष महत्व होता है। हवन के माध्यम से हवनीय द्रव्य एवं समिधा को मंत्रों द्वारा देवताओं को अर्पित किया जाता है, जिससे वे प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व जन्म के कर्मों के आधार पर हमें माता-पिता, भाई-बहन, पत्नी, पुत्र एवं मित्र मिलते हैं। यदि पूर्व जन्म में किसी का धन नष्ट किया गया हो या बेईमानी की गई हो, तो उसका प्रभाव इस जन्म में पुत्र रूप में धनहानि, परिवारिक कलह एवं अन्य कष्टों के रूप में दिखाई देता है। इन बाधाओं से मुक्ति के लिए शास्त्रों में यज्ञ को अनिवार्य बताया गया है, जिसमें विशेष रूप से राजराजेश्वरी महालक्ष्मी यज्ञ का विधान सर्वोत्तम माना गया है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग जीवनभर धन संग्रह में लगे रहते हैं, जबकि कई लोग विभिन्न रोगों, पारिवारिक विघटन, धन की कमी, विवाह में बाधा, शिक्षा के अभाव एवं मानसिक पीड़ा जैसी समस्याओं से ग्रसित रहते हैं। इस संगोष्ठी में विमलेश पांडेय, कृष्ण कांत त्रिपाठी, नितिन त्रिपाठी, अजय गुप्ता, डॉ० परमानंद चंद्रवंशी, विश्वजित कुमार एवं अन्य भक्तगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन काशी के पंडित गणेश शास्त्री ने किया।

### दामोदर बचाओ आंदोलन का प्रतिनिधिमंडल डीएफओ से मिला



**बोकारो।** जल एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर दामोदर बचाओ आंदोलन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को बोकारो के वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदूषित हो रही इजरी तथा गरगा नदी, जो दामोदर नदी की सहायक नदियां हैं, जिन्हें नमामि गंगे के तहत शामिल किया गया है, उसमें चास नगर निगम की आवासीय कॉलोनियों के गंदे पानी को बिना ट्रीटमेंट किए ही नदी में प्रवाहित किये जाने पर चिन्ता जताई। उन्होंने कहा कि इसके कारण नदियां प्रदूषित हो रही हैं। साथ ही, नदियों का अतिक्रमण कर आवास भी बनाये जा रहे हैं। इस क्रम में डीएफओ रजनीश कुमार ने इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाकर नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास करने तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगे, इस पर जल्द ही बैठक बुलाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में दामोदर बचाओ आंदोलन के बोकारो जिला संयोजक सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, ललित सिन्हा, शिवकुमार श्रीवास्तव, विक्रम कुमार महतो, गोपाल साह, करमचंद गोप, आशीष कुमार महतो आदि शामिल थे।

### सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया होली मिलन



**बोकारो।** सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, बोकारो का होली मिलन सेक्टर वन सी में मनाया गया। सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, बोकारो इकाई की प्रभारी अमिता झा व महासचिव उषा झा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समूह की सदस्याओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गेम, हौजी, गीत-नृत्य के बाद पूल लंच में विभिन्न तरह के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि...के समवेत गायन से हुई। इसके बाद होली गीतों मिथिला में राम खेले होली मिथिला में..., होली कनक भवन में खेलथि सिया रघुवीर..., आज बिरज में होरी रे रसिया..., बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में हो रंग खेले... सहित अन्य गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। सभी ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, बोकारो की प्रभारी अमिता झा, महासचिव उषा झा, कोषाध्यक्ष सुजाता झा, मीडिया प्रभारी संजीता भुवनेश, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी जयंती पाठक, रोजगार प्रभारी मुन्नी झा एवं कल्याणी मिश्रा, सदस्या शीला मिश्रा, किरण मिश्रा, राजकुमारी झा, डॉ मंजू झा, इंदिरा झा, नंदा झा, अल्का झा, आशा पाठक, प्रीता ठाकुर, मधु ठाकुर, पिंकी झा, रानी झा, नमिता झा, पूनम झा, पद्मा झा, रीमा, रंजना भगत, रूबी ठाकुर, किरण झा आदि उपस्थित थीं।

### अधिवक्ता संशोधन विधेयक के खिलाफ वकीलों का विरोध प्रदर्शन

**बोकारो।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग करते हुए गुरुवार को बोकारो के अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर में एक स्वर से विरोध प्रदर्शन किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जब अधिवक्ता पर हो रहे हमले व अपराध नहीं रोक पाई तो अधिवक्ताओं को ही रोकने पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस विधेयक में वकीलों द्वारा न्यायालयों के बहिष्कार और हड़ताल पर रोक लगाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, वकीलों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही और निलंबन का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक द्वारा बार काउंसिल ऑफ इंडिया की स्वायत्तता पर खतरनाक हमला किया गया है, जिसमें अब केंद्र सरकार द्वारा नामित सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है।

# डीवीसी के स्क्रैप कटिंग पावर प्लांट में कार्य के दौरान दीवार गिरने से मजदूर की मौत, एक की हालत गंभीर

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 630 मेगावाट वाले स्क्रैप पावर प्लांट में स्क्रैप कटिंग का कार्य करते समय दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना गुरुवार अपराह्न लगभग सवा तीन बजे की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्क्रैप पावर प्लांट का कार्य करने वाली हैदराबाद की कंपनी राघा स्मेल्टर्स के कामगारों द्वारा गुरुवार की दोपहर सवा तीन बजे स्विच यार्ड के बगल की दीवार के ऊपर का स्ट्रक्चर काटकर गिराने का कार्य किया जा रहा था। कटिंग के बाद दीवार एवं लोहे के एंगल का स्ट्रक्चर विपरीत दिशा में गिरने की बजाय जिधर मजदूर स्ट्रक्चर के नीचे वाले छज्जे पर कार्य कर रहे थे, वहां ही आ गिरा। अचानक स्ट्रक्चर गिरने से गोविंदपुर बी पंचायत जरवा बस्ती के कामगार दिलीप सिंह एवं उनका पुत्र करण कुमार, गोविंदपुर ई पंचायत अंतर्गत गोविंदपुर बस्ती निवासी डीवीसी कर्मी अर्जुन सिंह का 35 वर्षीय पुत्र भोला सिंह सहित कंपनी के अन्य कामगार मलबे की चपेट में आकर गिर पड़े और मलबे में ही दब गए। दिलीप सिंह को गिरने के बाद भी चोट नहीं आई, जबकि उनका पुत्र करण कुमार को कमर, पैर, हाथ सहित शरीर के बाएं भाग में गंभीर रूप से चोटें आई हैं। करण को तत्काल अन्य कामगारों एवं दूसरे संवेदक विभूति प्रसाद सिंह ने डीवीसी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर बी सुदर्शन ने घायल का इलाज किया। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर, घटना के बाद मजदूर भोला सिंह का पता नहीं चल पा रहा था। काफी खोजबीन के बाद भोला का क्षत-विक्षत शव मलबे में दबा हुआ पाया गया। प्रत्यक्षदर्शी कामगारों का कहना था कि दो मजदूर स्थानीय थे, इसलिए घटना की जानकारी मिल गई है। जबकि उक्त स्थान पर बाहर के भी मजदूर कार्य कर रहे थे और वे भी मलबे में दब गए हैं। कहा कि मलबा हटाने के बाद बाकी के बाहर के मजदूरों का भी शव बरामद किया जा सकेगा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि मृतक मजदूर भोला सिंह का आधा शव ऊपर ही टंगा था और शरीर नीचे मलबे में दबा था। पावर प्लांट में घटनास्थल एवं उसके आसपास के एरिया को सीआईएसएफ ने घेराबंदी कर किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी है।

डीवीसी के स्विच यार्ड एवं इंस्ट्रूमेंट का कंट्रोल रूम क्षतिग्रस्त प्लांट का मलबा गिरने से डीवीसी के ए पावर प्लांट के स्विच यार्ड एवं इंस्ट्रूमेंट के कंट्रोल रूम की छत टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। पैनल रूम भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

#### घटना के बाद एचओपी ने लिया जायजा

घटना के बाद डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, जीएम ओएंडएम एम प्रसाद सहित सभी अभियंता घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर अनी अजीत कुमार, धनंजय सिंह भी पावर प्लांट पहुंचे। बेरमो एसडीएम मुकेश कुमार मछुआ ने भी डीवीसी के एचओपी से घटना की जानकारी ली।

#### ग्रामीणों ने पावर प्लांट का गेट जाम किया

घटना की जानकारी मिलने के बाद सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, जिप सदस्य शहजादी बानो, मुखिया विश्वनाथ महतो, चंद्र देव घांसी, मंजूर आलम, नीलकंठ महतो, कर्मचारी संघ के सचिव सदन सिंह, जानकी महतो सहित काफी संख्या में गोविंदपुर एवं जरवा बस्ती के ग्रामीण पावर प्लांट मेन गेट पहुंचकर पावर प्लांट के मेन गेट को जाम कर दिया है। ग्रामीण एवं प्रतिनिधि पावर प्लांट से किसी भी कामगार को बाहर निकलने भी नहीं दे रहे हैं। सुरक्षा को लेकर मेन गेट पर काफी संख्या में सीआईएसएफ जवानों को अधिकारियों के साथ तैनात कर दिया गया है।

#### प्रयागराज से लौटे थे मृतक के पिता

मृतक भोला सिंह के डीवीसी कर्मी पिता अर्जुन सिंह गुरुवार को ही प्रयागराज से संगम स्नान कर दोपहर तीन बजे बोकारो थर्मल पहुंचे थे। बोकारो थर्मल झारखंड चौक पहुंचने पर उन्होंने बेटे भोला को फोन कर उन्हें घर ले जाने को कहा। भोला ने पिता से कहा कि वह पावर प्लांट ड्यूटी आ गया है। बाद में साढ़े तीन बजे उन्हें अपने बेटे की मौत की सूचना मिली। पिता का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की मां का पूर्व में ही निधन हो चुका था। मृतक का छोटा भाई मनोज सिंह का भी हाल बेहाल था। मृतक भोला को एक 12 वर्ष की पुत्री पीहू एवं 7 वर्ष का पुत्र प्रियांशु है। पत्नी लक्ष्मी देवी का भी रो-रोकर हाल बेहाल था।

#### मिथिला सांस्कृतिक परिषद की बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

## बोकारो में विद्यापति स्मृति पर्व समारोह अप्रैल में, 12 मार्च को होगा फगुआ मिलन

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो में मिथिला-मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की नई कार्यकारिणी की प्रथम बैठक बुधवार देर शाम सेक्टर 4 स्थित परिषद के विद्यापति सभागार में हुई। परिषद के अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता तथा महासचिव नीरज चौधरी के संचालन में आयोजित इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मुख्य रूप से होली मिलन समारोह, परिषद के पंचांगयुक्त कैलेंडर का विमोचन तथा संस्था के प्रमुखतम वार्षिक उत्सव विद्यापति स्मृति पर्व समारोह के आयोजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 12 मार्च को संध्या 6 बजे से परिषद द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में अबीर-गुलाल के साथ-साथ फगुआ गीतों की जमकर बौछार होगी। समारोह की सफलता के लिए अविनाश कुमार झा के निर्देशन में एक टीम भी गठित की गई, जिसमें मिहिर मोहन ठाकुर, विजय कुमार मिश्र अंजू, रोशन कुमार तरुण, विवेकानंद झा, सुदीप कुमार ठाकुर एवं प्रकाश कुमार झा शामिल किए गए।

इसके उपरांत परिषद तथा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं गतिविधियों से संबंधित आकर्षक चित्रों के साथ पंचांगयुक्त कैलेंडर प्रकाशित किए जाने का भी निर्णय लिया गया। तत्पश्चात परिषद के प्रमुखतम वार्षिक कार्यक्रम विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन आगामी अप्रैल माह में किए जाने पर सहमति बनी। इसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

## बैंक ऑफ इंडिया में 24 व 25 फरवरी को हड़ताल, सफलता को लेकर कर्मियों का प्रदर्शन

संवाददाता



**बोकारो।** ऑल इंडिया बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन से संबद्ध फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के आह्वान पर आगामी 24 एवं 25 फरवरी को प्रस्तावित हड़ताल की सफलता को लेकर गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया के बोकारो आंचलिक कार्यालय के समक्ष कर्मियों ने विशाल प्रदर्शन किया। कर्मियों का यह प्रदर्शन मुख्यतः ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सभी संवर्गों में समुचित बहाली, बैंक प्रबंधन द्वारा लगातार द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन आदि के विरोध में किया गया। इसी कड़ी में आज पूरे भारतवर्ष के बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन एवं बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के नाम सभी आंचलिक प्रबंधक के माध्यम से सामूहिक ज्ञापन दिया गया। बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन, झारखंड प्रदेश के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में चास-बोकारो में अवस्थित शाखाओं के कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। मांगों के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए बैंक आफ इंडिया एंप्लाइज यूनियन झारखंड प्रदेश के सहायक सचिव राकेश मिश्रा ने कहा कि बैंकों में कर्मचारियों की संख्या दिन प्रतिदिन घट रही है, जिससे जहां ग्राहक सेवा बाधित हो रही है, वहीं कार्यरत कर्मचारियों पर काम का अनावश्यक अत्यधिक बोझ बढ़ता जा रहा है और वे तनाव में जीने को अभिशप्त हो गए हैं। साथ ही स्थाई बहाली नहीं होने से पढ़े लिखे लोगों को रोजगार से भी वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मांगों में 27.12.2021 को केंद्रीय श्रमायुक्त के समक्ष प्रबंधन द्वारा किए गए समझौता को अविलंब कार्यान्वित करने की बात शामिल है। उन्होंने प्रबंधन पर समझौते के विपरीत सभी कार्य करने तथा कर्मचारियों के प्रति आए दिन भेदभाव किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारा आंदोलन बैंक हित, ग्राहक हित एवं कर्मचारी हितों के रक्षार्थ किया जा रहा है। अगर प्रबंधन इसके बावजूद हमारी वाजिब मांगों पर समुचित ध्यान नहीं देता है तो घोषित आंदोलनात्मक कार्यक्रम के अनुसार आगामी 24 एवं 25 फरवरी 2025 को दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल किया जाएगा।

### अभियंता के आवास से 6 लाख रुपये के जेवरात सहित 85 हजार नकद की चोरी



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल जीएम कॉलोनी स्थित आवास संख्या जीएम 19 में रहने वाले प्रसिद्ध चित्रकार सह डीवीसी के रिटायर कार्यपालक अभियंता आनंद प्रकाश मेहता गुरुवार की दोपहर को गोवा से अपने आवास पहुंचे। आवास पहुंचने पर पाया कि चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के पूर्व घर में लगाये गए तीन तालों को तोड़कर घर में प्रवेश किया तथा दो कमरे में रखे आलमारी के लॉकरों को तोड़कर उसमें रखे लगभग 6 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात सहित 85 हजार रुपये नकदी की चोरी कर ली। चोरों ने घर में रखे गुल्लक को भी तोड़कर उसमें भी बच्चों द्वारा जमा किये गए रुपयों की चोरी कर ली। चोरों ने घर के अंदर के तीन कमरों में बड़े ही आराम से चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दीवान, पलंग एवं आलमारी में रखे सभी सामानों को निकालकर पूरे कमरों में बिखेर दिया और सिर्फ जेवरात एवं नकदी की चोरी की। चोरों ने घर के आलमारी में रखे महंगे कपड़े, साड़ी एवं घड़ी को छोड़ दिया। बाद में अभियंता ने स्थानीय थाना में जाकर चोरी की सूचना दी। सूचना के बाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सअनि अरविंद मेहता, मनोज मंडल ने पहुंचकर मामले की जानकारी ली और सभी कमरों का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर ने कहा कि बाहर जाने के क्रम में यदि थाना को सूचना दी गई होती या फिर किसी को आवास में रहने के लिए दिया गया होता तो घटना नहीं घटती।

## सेल में आधुनिकीकरण के निष्पादन में बेहतर प्रणाली सीखने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में परियोजना निष्पादन में सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और उसे साझा करने के लिए दो दिवसीय एलईओ कार्यशाला का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधन सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक परियोजनाएं अनीष सेनगुप्ता के साथ वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में दुगार्पुर स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, सेल निगमित कार्यालय तथा बोकारो स्टील प्लांट सहित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की विभिन्न इकाइयों के प्रतिभागी शामिल हैं। कार्यशाला में संकाय के रूप में आईएसपी के पूर्व अधिशासी निदेशक परियोजनाएं ए के दासगुप्ता ने अपने परियोजना निष्पादन के अनुभवों को सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया। मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास मनीष जलोटा ने मुख्य अतिथि तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिशासी निदेशक परियोजनाएं अनीष सेनगुप्ता ने कहा कि पूरे सेल में बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण का काम प्रस्तावित है और ऐसे में इस कार्यशाला के आयोजन से पूरे संगठन को लाभ होगा। अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधन सी आर मिश्रा ने इस कार्यशाला को उपयोगी बताया। अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी ने ऐसे समसामयिक विषय पर एलईओ कार्यशाला आयोजित करने के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग को बधाई दी और सभी को इसका पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों से कराधान मामलों, डीपीएमएस एवं अन्य विषयों पर विचार-मंथन करने के लिए प्रेरित किया।

### प्लेस ऑफ सेफ्टी बालगृह में कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

बोकारो। बोकारो जिला अंतर्गत चास स्थित जिला समाज कल्याण शाखा मिशन वात्सल्य द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थानों प्लेस ऑफ सेफ्टी संप्रेक्षण गृह तथा सहयोग विलेज बाल गृह में डीसीए कंप्यूटर व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल देख-रेख संस्थानों में आवासित बालकों के बाहर जीवन यापन की तैयारी यथाशीघ्र 14 वर्ष के पश्चात या मामले के अनुरूप निर्धारित बालक, बालिकाओं के पुर्नवास एवं देखभाल हेतु ऑफ्टर केयर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों के कल्याण एवं पुर्नवास / उद्यमशीलता सहायता प्रदान करने हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहयोगिनी संस्था द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण के दौरान व्यवहारिक तथा लिखित प्रशिक्षण दिया जायेगा।प्रशिक्षण उपरांत सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा : डीपीएस बोकारो का अक्षत नेशनल टॉपरों में शामिल

### चार विद्यार्थी रहे स्टेट टॉपर, 29 ने पाई सफलता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की हैट्रिक पर प्राचार्य ने दी बधाई



संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेधाविता एवं वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा बनवाया है। नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म (केएएमपी) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा (एनएएसटीए) में लगातार तीसरे साल डीपीएस बोकारो का दबदबा झारखंड में बरकरार रहा। इस वर्ष छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्टेट ही नहीं, नेशनल टॉपरों में भी अपना नाम दर्ज कराने में कामयाबी पायी है। वहीं, कुल 29 छात्र-छात्राएं सफल रहे। नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड (एनएएसटीए) - 2024 में पांचवी कक्षा के छात्र अक्षत प्रियदर्शी को नेशनल टॉपर रैंक-2 के साथ सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। उसे ओवरऑल ग्रेड ए प्लस मिला तथा नेशनल अवॉर्ड कैटेगरी के लिए चयनित किया गया। इसके अलावा, विद्यालय की छठी कक्षा के छात्र आदित्य राज, पांचवी के अनिकेत सिंह एवं चौथी कक्षा के ध्रुव श्रीवास्तव ने रैंक- 1 के साथ संबंधित कैटेगरी में स्टेट टॉपर होने का गौरव हासिल किया। वहीं, कक्षा 7 की छात्रा अंशुला श्री भी रैंक- 2 के साथ स्टेट टॉपरों में शामिल रही। सभी स्टेट टॉपरों को सर्टिफिकेट ऑफ स्टेट एक्सीलेंस दिया गया है। इन सभी विद्यार्थियों को जल्द ही नई दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।

**देशभर से एक हजार स्कूलों के विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा**

उल्लेखनीय है कि बीते 07 दिसंबर, 2024 को आयोजित एनएएसटीए-2024 में देशभर के लगभग एक हजार स्कूलों के कक्षा 3 से 12 तक के लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसका परिणाम बुधवार शाम को जारी किया गया। परीक्षा में उक्त विद्यार्थियों के अलावा कक्षा 3 की प्राणिद्य कुमारी मिश्रा, शैलजा शान्वी, अथर्व कश्यप, कक्षा- 4 के हर्षित ठाकुर, रुद्र व गेडेला वेदांतिका, कक्षा 5 के आरव रंजन, शिवराज शेखर, प्रसून भूषण, कक्षा 6 से अंसुरी साधु, शिवांश प्रधान, सजग सूर्यांश पांडेय, कक्षा 7 के आदित्य भारद्वाज, अभिज्ञान, दिव्यांश वर्मा, कक्षा 8 के आदित्य लाल, अथर्व कुमार, यशस्वी कुमार, नौंवी कक्षा से पहल लता, रौनक राज, ऋषभ राज, कक्षा 11 के ऋषित शॉ, ऋद्धिम गुप्ता एवं आयुष सुमन ने भी सफलता पायी है।

**केएएमपी-एनएएसटीए- एक महत्वपूर्ण पहल**

बता दें कि केएएमपी-एनएएसटीए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर (काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) तथा एनआईएसपीआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन पॉलिसी रिसर्च) की एक महत्वपूर्ण पहल है। एनएएसटीए का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक प्रवृत्ति को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जो कि केएएमपी के अर्थपूर्ण शिक्षा और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने से संबंधित मिशन का हिस्सा है। यह छात्रों के वैज्ञानिक गुणों का मूल्यांकन करता है, जिसमें पहचान, अवलोकन, वर्गीकरण, समस्या समाधान, सटीकता, पूवार्नुमान, आलोचनात्मक सोच और व्याख्या जैसे आठ प्रमुख वैज्ञानिक गुण शामिल हैं।

**भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाना है उद्देश्य : डॉ. गंगवार**

एनएएसटीए में लगातार तीसरे साल शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने नेशनल व स्टेट टॉपरों के साथ-साथ सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं में यहां के विद्यार्थियों ने न केवल अपने स्कूल, बल्कि अपने शहर और राज्य का नाम भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि केएएमपी-एनएएसटीए का उद्देश्य विद्यार्थियों के वैज्ञानिक एवं तकनीकी स्वभाव की पहचान करते हुए एवं उन्हें संरक्षित कर भारत को विज्ञान, तकनीक एवं मानवता के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाना है। विदित हो कि पिछले लगातार तीन वर्षों से डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी एनएएसटीए में राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो जरीडीह पूर्वी एवं जरीडीह पश्चिमी पंचायत का हुआ पुनर्गठन



**फुसरो।** बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार स्थित अनिल अग्रवाल के आवासीय कार्यक्रम में गुरुवार को जरीडीह पूर्वी और जरीडीह पश्चिमी पंचायत के पंचायत कमेटी के गठन को लेकर बेरमो प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक संयोजक प्रमुख ईकबाल अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नेता अनिल अग्रवाल, पर्यवेक्षक पान बाबू केवट, संयोजक उपप्रमुख रंजीत महतो संयोजक मंडली के सदस्य, मुन्ना साव, संतोष महतो गणेश श्रीवास्तव के द्वारा सर्व सम्मति से दोनों पंचायत के पदाधिकरियों का चयन किया गया। जिसमें जरीडीह पूर्वी पंचायत से अध्यक्ष रवि रवानी, सचिव परवेज आलम, उपाध्यक राजू श्रीवास्तव प्रेम कुमार सह सचिव कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष आकिब अंसारी जरीडीह पश्चिमी पंचायत में अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, उपाध्यक्ष त्रिवेणी लाल श्रीवास्तव, छोटे ठाकुर, सचिव मुकेश रविदास, संयुक्त सचिव राजेश महतो संगठन सचिव विनोद महतो, कोषाध्यक्ष कलीम अंसारी सहित दर्जनों कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। सभी नए चुने गए पदाधिकारी को माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने कुएं में कूदकर दी जान, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत अंतर्गत कोसमाही गांव में एक महिला ने बड़ी गोतनी के साथ हुए विवाद के बाद कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गुरुवार सुबह 10 बजे पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतका के भाई कुंदन कुमार ने हंटरगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की शादी चार वर्ष पूर्व कोसमाही निवासी अनिल यादव से हुई थी। कुंदन का आरोप है कि अनिल यादव का अपनी भाभी से अवैध संबंध था, जिससे मृतका परेशान थी। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम लगभग 3 बजे बड़ी गोतनी ने फोन कर बताया कि उनकी बहन आशा ने कुएं में छलांग लगा दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बरनवाल युवक संघ के सदस्यों की टोली फुसरो से महाकुंभ में संगम स्नान के लिए रवाना



**बेरमो।** बरनवाल युवक संघ फुसरो, बेरमो के 65 सदस्यों की टोली फुसरो से महाकुंभ में संगम स्नान के लिए बुधवार की रात प्रस्थान किया। संघ के अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद व कोषाध्यक्ष बिनय कुमार ने कहा कि महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के उद्देश्य से जा रहे हैं। लोग महाकुंभ के संगम पहुंचकर डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य महसूस करेंगे। कहा कि संघ के लोगों को संघ की ओर से सुविधा मुहैया करायी जायेगी। जिसमें संघ के संरक्षक मदन बरनवाल, प्रदीप भारती, शंभू बरनवाल, कैलाश बरनवाल, जनार्धंन बरनवाल, सोहन बरनवाल, कन्हैया बरनवाल, आनंदी बरनवाल, अरूण बरनवाल, रवि कुमार, गोलू कुमार, अभिषेक कुमार, नरेश कुमार, महिला समिति अध्यक्ष अर्चना बरनवाल, सचिव पूजा बरनवाल, संरक्षक मंजू बरनवाल, गीता बरनवाल, पुष्पा बरनवाल, सरोज बरनवाल, ऋतु बरनवाल, आशा बरनवाल, पम्मी बरनवाल, रेणु बरनवाल, रानी बरनवाल, रीया बरनवाल, संगीता बरनवाल, सीमा देवी आदि शामिल है।

## तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव

# राज्य के चर्चित व बॉलीवुड कलाकारों ने बिखेरा जलवा

संवाददाता



**इटखोरी(चतरा)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के भव्य शुभारंभ के उपरांत पहली शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय के साथ राज्य के चर्चित व बॉलीवुड कलाकारों ने जलवा बिखेरा। गायिका चंदन तिवारी ने मिट्टी एवं भक्ति से जुड़े गीतों के माध्यम से सूरों की महफिल सजाई। गायिका ने माता भद्रकाली मंदिर पर सुमिरनवा हो जय मैया भद्रकाली के, छोड़ गैली छोड गैली री रात सुतली सजनिया के छोड़ गैली री आदि गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही न्यू झारखंड कला संस्कृति द्वारा नागपुरी नृत्य, नटराज कला केंद्र ईचागढ़ द्वारा छाऊ नृत्य व नीरज डांस एकेडमी चतरा ने भी बेहतर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं राजीव निगम कॉमेडी ने भी दर्शकों को खूब हंसाया। अंतिम में बॉलीवुड सिंगर सलमान अली ने अपने सुरीली अंदाज से दर्शकों को खूब झुमाया। सलमान अली ने श्री गणेश देवा से आरंभ कर, तेरे नाम से जी लूं तेरे नाम से मर लूं, मेरे रसके कमर, मुस्कुराने की वजह तुम हो पिया री समेत दर्जनों गाने गाकर दर्शकों को खूब झुमाया।

## इटखोरी महोत्सव में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



संवाददाता

**चतरा।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन 19 से 21 फरवरी तक किया जा रहा है। पहले दिन मंत्री सुदिव्य कुमार ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया और पौधारोपण किया। उद्घाटन के अवसर पर दरभंगा निवासी विपिन मिश्रा ने शंख वादन और डमरू वादन किया। न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र द्वारा नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। स्थानीय कलाकार नीरज डांस अकादमी के ग्रुप ने महिला सम्मान पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। प्रसिद्ध कॉमेडियन राजीव निगम ने हास्य प्रस्तुति दी, जिससे दर्शक खूब आनंदित हुए। लोकगायिका चंदन तिवारी ने भोजपुरी लोकगीतों से समां बांधा। वहीं, बॉलीवुड गायक सलमान अली की प्रस्तुति पर दर्शकों ने थिरकते हुए मोबाइल फ्लैश लाइट जलाकर उनका स्वागत किया। 20 फरवरी को सेमिनार और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

## शिक्षा विभाग के सौजन्य से मुखिया सम्मेलन का आयोजन




संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा के बिरसा सांस्कृतिक भवन में शिक्षा विभाग के सौजन्य से मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष श्री रामधन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पंचायत प्रतिनिधि और मुखिया बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर गहन विचार-विमर्श हुआ।सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर मुखियाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करना था। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले 20 मुखियाओं को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रों से भरा टैंपू पलटा, एक की मौत, कई घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के चंद्रोडीह गांव के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में छात्रों से भरा एक टैंपू अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में एक छात्रा की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। अन्य घायल छात्रों का इलाज कोडरमा सदर अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, सभी छात्र कोडरमा थाना क्षेत्र के पथलडीहा गांव के निवासी थे और वे मैट्रिक की परीक्षा देकर टैंपू से अपने गांव लौट रहे थे। मृतक छात्रा की पहचान ज्योति कुमारी के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवती का नाम नीलम कुमारी बताया जा रहा है।इस दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए स्थानीय लोग और प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यह घटना क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल उत्पन्न कर गई है।

## 89वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

संवाददाता



**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बांग्ला में 89वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गया से पधारी राजयोगिनी शीला दीदी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राजयोगिनी शीला दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक और आध्यात्मिक रहस्यों पर विशेष चर्चा की।

उन्होंने बताया कि यह पर्व परमात्मा के दिव्य अवतरण का प्रतीक है, जो मानव को देव समान स्वरूप में ढालने के लिए राजयोग का उपदेश देता है। उन्होंने कहा कि हम शिवालयों में धतूरा, भांग, गांजा आदि अर्पित करते हैं, जिसका आध्यात्मिक अर्थ यह है कि हमें अपनी बुरी आदतों और विचारों को त्यागकर ईश्वर को समर्पित कर देना चाहिए।मुख्य अतिथि नितेश चंद्रवंशी, भाजपा के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, समाजसेवी प्रदीप केडिया, ग्रीजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल और ग्रीजली विद्यालय की उप-प्राचार्या संजीता कुमारी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने आध्यात्मिक जागरूकता और आत्मिक शुद्धता पर बल दिया। इस अवसर पर शिव बाबा का झंडा फहराया गया और विकारों से मुक्त होने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह झांकी झंडा चौक, देवी मंडप, पानी टंकी, ब्लॉक रोड, बाईपास होते हुए पुनः विश्वविद्यालय केंद्र पर पहुंची। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने 'भारत भूमि पर शिव पधारें, भर लो भाग्य के भंडारे' जैसे नारे लगाए और शिव संदेश के प्रचार से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## शिव शक्ति महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 को और 23 फरवरी तक चलेगा गणेश मेला

संवाददाता



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी बस्ती सौतारडीह में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं 33 वां वार्षिक गणेश मेला के पांचवें दिन गुरूवार को पंचाग पूजन, वेदी पूजन, देवी देवताओं का आवाहन, पाठ व संध्या आरती सहित कई अनुष्ठान हुए। महायज्ञ की पूणार्हुति 22 फरवरी को हवन के साथ होगी। जबकि गणेश मेला 23 फरवरी तक चलेगा।

कमेटी की ओर से मेला को एक दिन बढ़ाते हुए रविवार तक चलाने का निर्णय लिया गया। इसी दिन रात्रि में माता जागरण का भी आयोजन किए जाने की संभावना है। महायज्ञ में मंत्रोच्चारण से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। यहां श्रद्धालु 12 व 24 घंटे की परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री के देखरेख में पूरे विधि-विधान से धर्म अनुष्ठान करवाया जा रहा है।

जिसमें देवघर से आये उपाचार्य पंकज शास्त्री, वेदाचार्य पवन शास्त्री, आशुतोष बाबा, विकास शास्त्री, आदित्य शास्त्री एवं मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय उनके साथ अनुष्ठान व मंत्रोच्चारण में योगदान दे रहे है।

गणपति धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रद्धालु क्षेत्र व परिवार के सुख शांति व समृद्धि की कामना कर रहे है। यज्ञ मंडप में शिव पार्वती दरबार सजाया गया है। यहां मुख्य यजमान विक्रांत शर्मा व उनकी पत्नी किरण देवी और आकाश कर्मकार व उनकी पत्नी पूजा कर्मकार सभी अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं।

आयोजन को सफल बनाने में गणपति धाम के यज्ञ व मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य लगे हुए हैं।

### फुसरो नप के चुनाव

## मतदाता सूची विखंडीकरण को लेकर हुई बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक

संवाददाता



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद (वर्ग-ख) के मतदाता सूची विखंडीकरण (वार्ड वार) को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को हुई। यहां बेरमो प्रखंड के पंचायत राज पदाधिकारी मिथिलेश कुमार पांडेय ने बीएलओ व सुपरवाइजर को आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर वार्डवार मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। सभी कोई चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाय। प्रशिक्षणकर्ता सोनूकांत वर्मा ने कहा कि बेरमो विधानसभा अंतर्गत शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 79 से 142 के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। इसके लिए मतदाता सूची के विखंडीकरण प्रारूप प्रकाशन 7 मार्च 2025 को किया जायेगा। सूची के दावा आपत्ति हेतु 11 से 20 मार्च 2025 तक समय दिया जायेगा। इस दौरान मतदाता दावा कर अपने वोटर लिस्ट का सुधार करवा सकते है। दावा आपत्ति निष्पादन के बाद 22 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। बताया कि फुसरो नगर परिषद चुनाव में 28 वार्ड के लिए 65 बूथ बनाये गये है। मौके पर प्रशिक्षणकर्ता उमेश कुमार महतो, सुचिता कुमारी, कल्याणजी तिवारी, अशोक रजक, अर्जुन सिन्हा, कौशलेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, जोबा मिस्त्री, भ्रमजी चौधरी, श्रवण कुमार, गुड़िया देवी आदि मौजूद थे।

## हर पंचायत में लगभग 10 हजार सदस्य बनायेंगे : घुनू हांसदा

संवाददाता



**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख दिशोम गुरू शिबू सोरेन व कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन के निदेर्शानुसार व बोकारो जिला संयोजक मंडली के आदेश पर पेटरवार प्रखंड संयोजक मंडली के द्वारा जिला व प्रखंड संयोजक सदस्य एवं जिला द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मुक्तेश्वर महतो की उपस्थित में सभी कार्यकताओं के सर्वसम्मती से पिछरी उतरी/दक्षिणी पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। वहीं घुनू हांसदा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने गरीबों के हित के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। आज पूरे प्रदेश में आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तुरंत हो रहा है। बिकी महतो ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

पिछरी दक्षिणी पंचायत का अध्यक्ष जयलाल महतो, सचिव मोतीलाल हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष जानकी महतो, उपाध्यक्ष महेश बास्के, सगंठन सचिव आबिद हुसैन, संयुक्त सचिव देवीलाल मांझी, उप सचिव मंसा मांझी बनाए गए। पिछरी उतरी पंचायत के अध्यक्ष मगंल हांसदा, सचिव सूरज मिश्रा

कोषाध्यक्ष साहबुदीन अंसारी, उपाध्यक्ष प्रकाश महतो, सगंठन सचिव विजय मांझी, संयुक्त सचिव मदन मिश्रा, उप सचिव चितमण महतो को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य बनवीर मिश्रा ने की। कार्यक्रम में प्रखंड पर्यवेक्षक मुक्तेश्वर महतो, जिला संयोजक सदस्य घुनू हांसदा, प्रखंड संयोजक सदस्य ललन सोनी, बिक्की महतो, आसिफ अंसारी, ललन टुडू, जितेन्द्र मिश्रा, हाकिम टुडू,गोबिंद रजवार, कर्मा रविदास, रामायण मुंडा, कपिलदेव महतो, नरेश मांझी, किशोर हांसदा, चेतलाल सोरेन, शिवनाथ बास्के, नेमचद मांझी, रूपलाल बास्के महेश बास्के, कृष्णा पाल, नरेश मूर्मू, चिंतामन महतो, जितेंद्र मिश्रा, बिक्रम हांसदा, लालु बास्के, जलील अंसारी, जुल्फीकर हुसैन, बादल महतो, दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने बड़ाही बिगहा में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**हंटरगंज/चतरा।** गुरुवार को दोपहर 3 बजे गेरूआ पंचायत के बड़ा हीबिगहा गांव में चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों को पिछले कई दिनों से बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। विधायक को सूचना मिलने के बाद उन्होंने तत्काल कार्रवाई कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।

## झामुमो ने फुसरो नप के वार्ड संख्या 16 व 27 के वार्ड कमेटी का किया गठन

संवाददाता



**फुसरो।** झामुमो की बैठक नया रोड स्थित कलावती सदन में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता फुसरो नगर संयोजक मंडली प्रमुख भोलू खान व संचालन फुसरो नगर संयोजक मंडली सदस्य महताब आलम ने किया। बैठक में फुसरो नगर के वार्ड संख्या 16 से 27 के वार्ड कमेटी का गठन किया गया। मुख्य अतिथि बोकारो महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव ने कहा कि राज्य के हेमंत सरकार ने गरीबों के हित के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। आज पूरे प्रदेश में आम नागरिकों की जनसमस्या का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं अधिकारियों को आदेश देकर समाधान करवा रहे हैं। कहा कि बोकारो जिला में सदस्यता अभियान चलाकर एक लाख नये सदस्यों को शामिल किया जाना है। जिसमें अब तक 50 हजार लोगों को जोड़ा जा चुका है। इससे पूर्व सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। झामुमो नेता भोलू खान व दीपक महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के गरीब व जरूरतमंद के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। कहा कि फुसरो नगर परिषद चुनाव में पार्टी इस बार जीत का परचम लहरायेगी। मौके पर गोविंद रजक, टीकू महतो, वीरेंद्र महतो, जितेंद्र नायक, अमित झा, आनंद सोनी, दीपक गुप्ता, हीरो सिंह, सोनू खान, उमेश तुरी, मुकेश सिंह, रोहित सिंह, भोला महतो, संजय महतो, टूटू यादव, सुरेंद्र यादव, सुमित कुमार, सुरेश राम, रवि रजक आदि मौजूद थे।

## डीआईजी ने किया कतरास थाना का निरीक्षण

# अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के दिए निर्देश

संवाददाता

**धनबाद।** जिले के बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत कतरास थाना में गुरुवार को बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। डीआईजी ने थाना परिसर का गहन निरीक्षण किया और थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीरता दिखाई और स्पष्ट रूप से कहा कि जो अपराधी अभी तक सलाखों के पीछे नहीं पहुंचे हैं, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाए।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए और सबूतों को मजबूत बनाया जाए, जिससे कानूनी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। इसके साथ ही, डीआईजी ने थाने की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने थाना भवन की रंगाई-पुताई और मरम्मत कराने की जरूरत बताई और निर्देश दिया कि यह कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन को भी निर्देश दिए कि उनके अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों की मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकारी परिसंपत्तियों की स्थिति अच्छी बनी रहे। डीआईजी ने अवैध खनन के मामलों पर भी कड़ा रुख अपनाने के संकेत दिए।

उन्होंने थाना प्रभारी को आदेश दिया कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस काम में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यातायात व्यवस्था को लेकर भी डीआईजी ने विशेष रूप से ध्यान दिया। उन्होंने सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या पर चर्चा की और निर्देश दिया कि जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने से दुर्घटनाओं और जाम की समस्याओं में कमी आएगी। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे स्थानीय लोगों के साथ अच्छा व्यवहार बनाए रखें और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकता। यह निरीक्षण क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से किया गया था। डीआईजी के इस दौरे से स्थानीय पुलिस प्रशासन को नई दिशा मिली है और अपराध नियंत्रण को लेकर सख्ती बरती जाएगी।

# डीसी ने दिया 500 व 100 एमटी गोदाम के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने का निर्देश



संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बृहस्पतिवार को समाहरणालय के सभागार में माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित मामले तथा एन.जी.डी.आर.एस. के लंबित मामलों की समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने सभी पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता देते हुए समय पर निष्पादन कराने का निर्देश दिया। वहीं जिले में 500 एम.टी. एवं 100 एम.टी. क्षमता के गोदाम बनाने तथा नगर निगम को भूमि हस्तांतरण करने के लिए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर शीघ्र विवरण देने का निर्देश दिया। साथ ही एन.जी.डी.आर.एस. के सभी लंबित मामलों का निष्पादन करने, तय फॉर्मेट में रिपोर्ट बनाने तथा अंचल अधिकारियों को रिपोर्ट में अपना मंतव्य देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सरकारी अधिवक्ता अमरेन्द्र कुमार सहाय, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएलओ राम नारायण खलको, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, डीएसडब्ल्यूओ अनीता कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार के अलावा विभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदीडीह कोलियरी की खदान के समीप जनजागरण अभियान चलाया



**धनबाद।** धनबाद में श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव और एमडीओ लागू करने के विरोध में संयुक्त मोर्चा के नेता और कोल कर्मियों ने मोदीडीह कोलियरी की 7/8 खदान के समीप एक व्यापक जनजागरण अभियान चलाया। श्रमिकों ने सरकार के इन फैसलों को मजदूर विरोधी करार देते हुए कहा कि यह बदलाव कोयला मजदूरों के अधिकारों को खत्म करने का एक षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि नया श्रम कानून मजदूरों पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है और एमडीओ लागू करने से कोल कर्मियों के कई मौलिक अधिकार समाप्त हो जाएंगे। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि सभी मजदूर एकजुट होकर सरकार द्वारा बनाए जा रहे नए कानूनों के खिलाफ आवाज उठाएं। यदि इस समय संघर्ष नहीं किया गया, तो मजदूरों के अधिकारों का लगातार हनन होता रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन में सिमेवा के मजहर अंसारी, सुनील सिंह, राकोमयू के संयुक्त महामंत्री शकील अहमद, मजदूर नेता जीतू पासी, बृजबिहारी सिंह, आनंद सिंह, दिनेश महतो, मो. सबीर, भोला प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, रितेश पांडेय, गौतम बाउरी, मो. इम्तियाज समेत कई अन्य नेता उपस्थित रहे।

### जनता श्रमिक संघ व बीसीसीएल सीवी एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक आयोजित



**धनबाद।** बुधवार को जनता श्रमिक संघ व बीसीसीएल सीवी एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें झरिया विधायक सह संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह की उपस्थिति रही। इस बैठक में बीसीसीएल प्रबंधन के साथ विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बसंती माता दही बड़ी खदान के विस्तार को सुनिश्चित करना, खदान के आस-पास पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करना, हॉल रोड को डीजीएमएस के कोल माइन रेगुलेशन के तहत पुनः डिजाइन करना, डंप मैनेजमेंट की समुचित व्यवस्था करना ताकि खदान से सुरक्षित दूरी बनी रहे, श्रमिकों के आवास की मरम्मत करवाना तथा बीसीसीएल कॉलोनी में वर्षों से लंबित सफाई कार्य को सुचारु रूप से शुरू करना था। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर न होने के कारण कागजी प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर भी चर्चा की गई। मृतक श्रमिकों के परिजनों को नियोजन देने की मांग भी लंबे समय से लंबित थी, जिस पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने सभी मांगों पर सहमति जताई और विधायक सह महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह को आश्वस्त किया कि सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

## एनआरएचएम घोटाले के मुख्य आरोपी को प्रवर्तन निदेशालय ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में एनआरएचएम घोटाले के मुख्य आरोपी प्रमोद सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रमोद सिंह कोयला कारोबार से भी जुड़ा हुआ था और उस पर सरकारी धन के गबन का गंभीर आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय ने धनबाद में उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी और लगातार समन जारी कर रहा था, लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहा था। अंततः जब वह समन के बाद उपस्थित हुआ, तो ईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा हुआ है और इस घोटाले में धनबाद के दो पूर्व सिविल सर्जन सहित नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रमोद सिंह पहले झरिया सह जोड़ापोखर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा पर ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के रूप में कार्यरत था। इस दौरान उसने एनआरएचएम की आवंटित राशि का दुरुपयोग करते हुए उसे अपने परिवार



और मित्रों के नाम पर ट्रांसफर कर दिया और उस पैसे से कोयला कारोबार शुरू कर दिया। कुछ ही वर्षों में वह एक बड़े कोयला कारोबारी के रूप में उभरा। यह मामला 2016 में उजागर हुआ था, जिसके बाद 2019 में निगरानी ब्यूरो में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि झरिया सह जोड़ापोखर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रमोद सिंह संयुक्त रूप से एनआरएचएम फंड निकालने और उसे खर्च करने के लिए अधिकृत थे।

## वाम दलों ने केंद्र सरकार के बजट का किया विरोध, बताया जनविरोधी

**धनबाद।** वाम दलों ने केंद्र सरकार के बजट 2025 को जनविरोधी बताते हुए रंधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। वाम दलों के नेताओं ने आरोप लगाया कि यह बजट केवल पूंजीपतियों और कॉरपोरेट घरानों के हित में बनाया गया है, जबकि आम जनता, किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। वाम नेताओं ने कहा कि बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को नजरअंदाज किया गया है। मनरेगा जैसी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को कम कर दिया गया है, जिससे गरीब मजदूरों को रोजगार पाने में कठिनाई होगी। इसके अलावा, किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई गारंटी नहीं दी गई है।

# बलियापुर अंचल में 15 चौकीदारों ने दिया योगदान

संवाददाता

**धनबाद।** जिले के बलियापुर अंचल में चौकीदारों की नियुक्ति का इंतजार खत्म हुआ और 15 चौकीदारों ने अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के समक्ष अपना योगदान समर्पित किया। यह नियुक्ति झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के आदेश और जिला स्तरीय नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर की गई है। इस प्रक्रिया में कुल 18 चौकीदारों की अनुशंसा की गई थी, जिसमें से 15 ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। योगदान के समय सभी चौकीदारों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। उन्होंने अपने सभी आवश्यक प्रमाण पत्र और कागजात कार्यालय में जमा किए। अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने सभी चौकीदारों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चौकीदारों की मुख्य भूमिका अपने-अपने क्षेत्रों में



अपराध और विधि व्यवस्था पर सतर्क निगाह रखना है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति और कमजोर वर्ग के लोगों पर हो रहे अत्याचार के मामलों पर ध्यान देना होगा। किसी भी आकस्मिक घटना, विवाद, आपदा या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी समय रहते अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को देना आवश्यक होगा। इसके अलावा, सभी चौकीदारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने कार्यों को अधिक कुशलता और प्रभावी तरीके से कर सकें। योगदान देने वाले चौकीदारों में नूनीवाला कुमारी, भीम गोप, मनोज कुमार महतो, राहुल बावरी, सचिन कुमार महतो, तपन कुमार गोप, सोनू कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, नितेश कुमार रवानी, मनोरंजन मोदक, सुरेश कुमार महतो, सत्यनारायण राय, विशाल कुमार महतो, टिंकू राय और गौतम कुमार महतो शामिल थे।

चौकीदारों की नियुक्ति से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि इससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था मजबूत होगी। इस नियुक्ति से स्थानीय प्रशासन को भी अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

# एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसा, ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता

**कुमारधुबी।** लखीमाता कोलियरी कार्यालय के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर बुधवार की रात भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें जयपुर से दुगार्पुर जा रहा एक ट्रेलर हाईवा से टकरा गया। इस हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि हाईवा चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, ट्रेलर संख्या हइ 37 ए 6869 जयपुर से पोकलेन मशीन लोड कर दुगार्पुर जा रहा था। जैसे ही लखीमाता कोलियरी के पास पहुंचा, हाईवा ने अचानक टर्न लिया, जिससे ट्रेलर सीधा हाईवा से जा टकराया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर डिवाइडर को पार कर झाड़ियों में जा घुसा और उसका केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर चालक केबिन में फंस गया और बुरी तरह घायल हो गया। टक्कर के कारण हाईवा का खलासी भी जख्मी हो गया,



लेकिन मौका मिलते ही हाईवा का चालक और खलासी वाहन लेकर फरार हो गए। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

लोगों ने काफी मशक्कत के बाद ट्रेलर चालक को केबिन से बाहर निकाला और तुरंत एनएचएआई की एंबुलेंस बुलाकर उसे एसएनएमएमसीएच भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही निरसा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस फरार हाईवा चालक की तलाश कर रही है और दुर्घटना के कारणों की भी जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, एनएच-2 पर इस तरह के हादसे लगातार बढ़ रहे हैं, क्योंकि कई वाहन चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं और ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के उपाय बढ़ाए जाएं ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने कहा है कि दुर्घटना की सही वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। साथ ही, ट्रेलर चालक की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज एसएनएमएमसीएच में जारी है।

# सात्विक आईवीएफ के 10 वर्ष पूरे, पूर्व मंत्री सरयू राय ने दी शुभकामनाएं

संवाददाता

**धनबाद।** सात्विक आईवीएफ, धनबाद ने अपनी स्थापना के दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह संयोग ही है कि दस वर्ष पूर्व जब इस संस्थान की नींव रखी गई थी, तब भी उद्घाटन श्री सरयू राय के करकमलों द्वारा ही हुआ था। इस अवसर पर सात्विक आईवीएफ सेंटर की संस्थापक एवं प्रमुख डॉ० नेहा प्रियदर्शिनी और उनकी टीम ने श्री राय का स्वागत किया और उन्हें सम्मानस्वरूप मधुबनी पेंटिंग और पुष्पगुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान सरयू राय ने संस्थान द्वारा पिछले दस वर्षों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सेंटर ने चिकित्सा के क्षेत्र में न सिर्फ धनबाद बल्कि पूरे झारखंड के



लिए एक मिसाल कायम की है। यहां उन दंपतियों को संतान सुख प्राप्त करने में सहायता मिली है, जो वर्षो तक संतानहीनता की पीड़ा झेल रहे थे। यह संस्थान अब तक कई सफल उपचार कर चुका है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है। इस अवसर पर डॉ० नेहा प्रियदर्शिनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने की भी चर्चा हुई। सरयू राय ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के संस्थान समाज में न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान देते हैं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी प्रतीक होते हैं। समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी सात्विक आईवीएफ सेंटर की सराहना की और इसे झारखंड के चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया। इस कार्यक्रम में डॉ० विश्वनाथ चौधरी, बिजय कुमार झा, डॉ० शिवानी झा, डॉ० धीरज चौधरी, अनंत श्रीकृष्णा, न्यूट्रिशनिस्ट मनीषा मीनू, सुशील सिंह, पिंटू सिंह, रामस्वरूप यादव, अरविंद सिंह, नवनीत सिंह, दिनेश धारी, पुष्पा पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मधुबनी रेलवे स्टेशन पर उपद्रवियों का हमला, एक गिरफ्तार

संवाददाता

**हाजीपुर/धनबाद।** समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत मधुबनी रेलवे स्टेशन पर 10 फरवरी को स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12561 में कुछ उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की थी। ट्रेन के दरवाजे अंदर से बंद होने पर नाराज यात्रियों के एक समूह ने उग्र होकर खिड़कियों और दरवाजों को क्षतिग्रस्त कर दिया। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू की और अब एक उपद्रवी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, रेलवे सुरक्षा बल ने सीसीटीवी



फुटेज, यात्रियों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की।

के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया, जिसे आरपीएफ पोस्ट, दरभंगा में रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ाया गया है। अन्य संलिप्त लोगों की पहचान कर जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है। रेल प्रशासन ने दोहराया कि रेलवे संपत्ति राष्ट्रीय संपदा का हिस्सा है और इसे क्षतिग्रस्त करना एक दंडनीय अपराध है।

तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए रेलवे प्रशासन बिहार सरकार, सशस्त्र सीमा बल और रेल पुलिस के साथ मिलकर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर रहा

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करें। किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत स्टेशन अधिकारियों या रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। प्रशासन ने यह भी अनुरोध किया है कि सभी यात्री उचित टिकट लेकर यात्रा करें और अपनी टिकट की श्रेणी के अनुसार ही कोच में प्रवेश करें। इससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और अप्रिय घटनाओं से बचा जा सकेगा। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में अगर कोई भी व्यक्ति रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे की प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है, जिसके लिए वह प्रतिबद्ध है।

# कोलियरी मजदूर यूनियन ने बीसीसीएल प्रबंधन को दी चेतावनी

## दस दिनों में मांगें पूरी नहीं हुई तो तीन मार्च को प्रदर्शन

संवाददाता

**धनबाद।** अग्रगामी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल सचिव महेश कुमार ने बीसीसीएल प्रबंधन पर मजदूरों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर उनकी 14 सूत्री मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो 3 मार्च 2025 को जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। महेश कुमार ने कहा कि बीसीसीएल में काम कर रहे कर्मचारियों और श्रमिकों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रबंधन उनकी समस्याओं को सुलझाने में दिलचस्पी नहीं दिखा



रहा है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वेतन से कटौती की गई राशि का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, वहीं सीएमपीएफ का 727.67 करोड़ रुपये डीएचएफएल कंपनी में डूब जाने के बावजूद दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इसके अलावा, आउटसोर्सिंग मजदूरों को उच्चस्तरीय कमेटी द्वारा तय किए गए मानकों के अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनका शोषण हो रहा है। मजदूर यूनियन ने यह भी मांग की है कि बीसीसीएल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को उचित सुविधाएं मिलें और उनकी जायज मांगों को तुरंत स्वीकार किया जाय। महेश कुमार ने बताया कि 12 नवंबर 2024 को बीसीसीएल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 3 मार्च को अपराह्न 12 बजे से 1 बजे तक कोयला भवन, धनबाद के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और बीसीसीएल के सीएमडी और निदेशक कार्मिक का पुतला दहन किया जाएगा।

## सुभाषितम्

**सौंदर्य तो अस्थाई है लेकिन मन आपका जीवन भर साथ देता है**
**- एलिशिया मेकेडो**

## रेखा 'राज' के समक्ष चुनौतियां

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे के 12वें दिन रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा हुई। मुख्यमंत्री के नाम पर चौंकाने वाली भाजपा की शैली विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रही। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो, जिसका नाम सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर न आया हो। कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर लगाए जा रहे थे लेकिन अंत में वे पिछड़ गए। क्यों पिछड़े, इसका जवाब किसी के पास नहीं। 08 फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम निकला, सभी एकबार फिर चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की थी। मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया। पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम की जब घोषणा हुई, कई के चेहरे की रंगत बदल गई। भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर न बिठाने की। दिल्ली में भी कई प्रचलित व दिग्गज नेता मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे लेकिन उनके दावे धरे रह गए।

अब मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता के समक्ष सियासी कौशल साबित करने की चुनौती है। चुनाव अभियान के दौरान दिल्ली के मतदाताओं से किए गए पार्टी के वायदों को जमीन पर उतारना सबसे बड़ी चुनौती है जिनमें फ्री की योजनाएं, बिजली-पेयजल की समस्या से निबटना, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसले शामिल हैं। इसके साथ परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। पार्टी का गठन होते ही सत्ता में पहुंच जाने वाली पार्टी को अबतक विपक्ष का कोई अनुभव नहीं है और अब उसे यह साबित करना होगा कि विपक्ष की भूमिका में वे कितने सक्षम हैं। भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की चौंकाने वाली शैली इस समय चचाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से लगातार जारी है। पिछले ही साल मध्य प्रदेश और राजस्थान में इसी शैली ने सबको चौकाया था। मप्र में डॉ. मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात जो कॉमन थी वह यह कि तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-संस्कृति में पले-बढ़े हैं। तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़ी रही हैं। हरियाणा के जींद जिला स्थित नंदगढ़ में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने मास्टर स्ट्रोक खेला। इस समय देश की ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं लेकिन इनमें किसी में महिला मुख्यमंत्री नहीं है। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं। पार्टी ने जातीय समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का चयन किया है। वह वैश्य समाज से संबंधित हैं और दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे, उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता के नाम पर भी विचार हुआ, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा भारी पड़ा।

भविष्य की चुनौतियों की जहां तक बात है तो उसका मुकाबला करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जमीन पर उतरना पड़ेगा बल्कि भाजपा की पूरी मशीनरी को सामूहिक रूप से दिल्ली में मोर्चा संभालना होगा। पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान वायदों की बौछार कर दी थी जिन्हें पूरा करना होगा। वादे पूरे इसलिए करने होंगे, क्योंकि भाजपा को इसके जरिये देश के अन्य राज्यों को भी संदेश देना है। इसके बाद भाजपा को बिहार कूच करना है। दिल्ली का मौजूदा बजट 76 हजार करोड़ के आसपास है जिसमें नई सरकार को बेतहाशा वृद्धि करनी पड़ेगी, तभी सरकार सभी वायदों का खर्च उठा पाएगी। महिलाओं को नगद पैसे देना, पेंशन में बढ़ोतरी, बिजली-पानी फ्री, बस फ्री, प्रेग्नेंट महिलाओं की आर्थिक मदद इत्यादि। रेखा गुप्ता की राजनीति अभी तक नगर निगम तक सीमित रही है। बड़े ओहदे का उन्हें अनुभव नहीं है। निगम में उनके द्वारा माइक तोड़ने की घटना, केजरीवाल को अनाप-शनाप कहने वाले बयान सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं। बहरहाल, दिल्ली की राजनीति में चुनौतियों का दौर सत्ता पक्ष और विपक्षी दोनों के लिए शुरू होगा। हारने के बाद आम आदमी पार्टी और विजय प्राप्ति के बाद भाजपा, दोनों दिल्ली में अपने-अपने राजनीतिक वजूद बचाने और बढ़ाने में जुटेंगी। कांग्रेस के समक्ष भी चुनौतियां हैं, वह भी इससे उबरने की कोशिश करेगी। देखते हैं कि कौन-कौन परीक्षा में सफल होगा या विफल।


# जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नई वननीति



डॉ. प्रवीण गुगनानी

वनग्राम, वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचाररत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा। मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम सीएसआर एवं कंपनी एन्वायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापना है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे।

नई वन नीति में कई विसंगतियां हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है। हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी



औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएं सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए जनजातीय समाज और नगरीय समाज को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियां, रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियाँ-विसंगतियां देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे। निजी वन व्यवसायी और कम्पनियां आदि, राष्ट्रीय, पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के सम्बंध बिगड़ सकते हैं।

नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय सरंचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो। नई वन नीति में जिसे 'बिगड़े वन' कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियां कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी। प्रत्येक ऐसे वृक्ष को जिससे आर्थिक लाभ नहीं होता है या कम लाभ होता है, उसे कुल्हाड़ी की बलि चढ़ाकर वहां व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से मूल्यवान पेड़ लगा दिए जाएंगे। लाभमात्र के मूलमंत्र से पारिस्थितिकी संतुलन व इको सिस्टम समाप्त होगा। वनों में ये कंपनियां बेतहाशा इको टूरिज्म को बढ़ावा देंगी, यह लाभप्रद तो अवश्य ही होगा किंतु इसके गंभीर साइड इफेक्टस भी हो सकते हैं। आशंका है कि वनों को लेकर अंधाधुंध दोहन की या केवल लाभ की नीति से पर्यावरण असंतुलन उत्पन्न हो सकता है।

वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के समय भी इस प्रस्ताव को लाया गया था जो बाद में फाइलों में बंद हो गया। फाइलों में बंद इस जिन्न को मप्र वन विभाग के नौकरशाहों ने पुनः बाहर निकाला है। यद्यपि यह मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की संवेदनशीलता ही है कि सरकार ने अभी एकतरफा निर्णय नहीं लिया है तथापि मुख्यमंत्री को जनजातियों के प्रति असंवेदनशील, वन नीति से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कुछ ही दिन पहले एक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें वन अधिकार कानून के तहत ग्राम सभाओं को अपने परंपरागत वन क्षेत्र के पुनर्निर्माण, संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार देने का निर्णय हुआ था। संभवतः इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने इस वन नीति के प्रारूप को अभी सहमति नहीं दी होगी। मप्र शासन ने नई वननीति के संदर्भ में apccfit.mp.gov.in पर जनता से सुझाव व आपत्तियां मांगी हैं। सभी पर्यावरणविदों को सुझाव देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि शासकीय आय बढ़ाने के इस उपक्रम को वन शोषण का धत्कर्म बना दिया जाए। वन विकास के नाम पर कहीं हमारे वन, व्यवसाइयों व दलालों की भेंट न चढ़ जाएं। मप्र की जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों को देखते हुए नीति में वांछनीय परिवर्तन या संपूर्णतः अस्वीकृत भी किया जा सकता है। मप्र की भाजपा सरकार की ओर से यह शुभ संकेत है और एक अवसर भी। वस्तुतः स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 में यह निष्कर्ष था कि मध्यप्रदेश, 97 हजार वर्ग किमी वनक्षेत्र वाला देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसमें यह तथ्य भी उभरकर आया था कि 2021 की तुलना में 2023 में मप्र में 612 वर्ग किमी जंगल कम हो गए हैं।

मप्र में चालीस प्रतिशत से कम घनत्व वाले वनों को बंजर भूमि या ओपन फॉरेस्ट कहा गया है। इस वनभूमि को ही निजी क्षेत्रों में देना प्रस्तावित है। मप्र सरकार का लक्ष्य इस बंजर भूमि पर वनक्षेत्र बढ़ाना है। किंतु इस लक्ष्य के पीछे कहीं उद्योगपति इनका शोषण न करने लग जाएं। इस हेतु शासकीय व सामाजिक विजिलेंस का एक बड़ा नेटवर्क निर्मित करना होगा। ग्राम समितियों को नई नीति में शासन की आंख, कान, नाक बनाकर सोशल विजिलेंस का नया उदाहरण समूचे देश के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रस्तावित ड्राफ्ट के पहले भाग में सीएसआर और सीईआर (कॉर्पोरेट एन्वायरमेंट रिस्पांसबिलिटी) निधि से वन विकास का उल्लेख है। दूसरे भाग में निजी निवेश से ओपन फारेस्ट के विकास का लक्ष्य है। यह ड्राफ्ट रोजगार सृजन, राजस्व की सृजन आदि विषय में भी अस्पष्ट है। एक सुझाव यह भी है कि नई वन नीति समूचे मप्र हेतु एक जैसी न बने। इस नीति को क्षेत्रवार, भौगोलिक विशेषताओं, विशिष्टताओं, वनीय बंधुओं की आवश्यकतानुसार, वनीय बंधुओं की परंपराओं आदि को ध्यान में रखकर वनीय बंधुओं के रोजगार सृजन के लक्ष्य, वनवासी बंधुओं के विस्थापन-स्थापन की सधी हुई दृष्टि से निर्मित करना होगा। मप्र की नई वननीति व्यवसाय नहीं अपितु वनवासी समाज केंद्रित हो, यह ध्यान में रखना ही होगा।

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र



रमेश सर्राफ धमोरा

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है।

ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्ळ यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगलसराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुट ओवरब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा-सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठा होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था।

# दिल्ली में भाजपा की जीवन रेखा

राकेश अचल

जादूगर सरकार की तरह अब भाजपा भी जादू करके अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ देश को भी अचरज में डालने लगी है। भाजपा ने लगभग तीसरी बार दिल्ली में विधायक दल के नेता के रूप में एक ऐसा नाम नवनिर्वाचित विधायकों के सामने रख दिया जिसके बारे में दूर-दूर तक क्या, ख्वाब में भी किसी ने नहीं सोचा था । दिल्ली की नई-नवेली भाजपा सरकार की कमान, पार्टी हाईकमान ने श्रीमती रेखा गुप्ता को सौंपी है। रेखा को किस कोटर से निकाला गया है, कोई नहीं जानता। हालाँकि रेखा जी छात्र राजनीति से प्रशिक्षित होकर चुनाव की राजनीति में आयीं हैं। रेखा का अवतरण उसी तरह हुआ है जैसा कि पहले राजस्थान ,मप्र और छग में अपने मुख्यमंत्रियों का किया था। दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री पद का स्वाभाविक उम्मीदवार समझा जा रहा था ,लेकिन हुआ उल्टा।




भाजपा ने आतिशी का उत्तराधिकारी रेखा को बनाया। रेखा महिला भी हैं और वैश्य समाज का चेहरा भी । भाजपा की विवशता थी कि वो दिल्ली की जनता को महिला की जगह महिला और केजरीवाल की जगह वैश्य को ही मुख्यमंत्री बनाये ,सो बना दिया हालाँकि ये निर्णय करने में भाजपा को पूरे 12 दिन लग गए। रेखा दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी । चार में से दो महिलाएं भाजपा की और से दी गयी । पूर्व में श्रीमती सुषमा स्वराज भाजपा की सरकार की मुख्यमंत्री रह चुकीं हैं। कांग्रेस ने श्रीमती शीला दीक्षित को और आम आदमी पार्टी ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया था। आपको याद होगा की 1996 में रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डुसू) की अध्यक्ष चुनी गयीं थीं। 2007 में वो दिल्ली के पीतमपुरा (उत्तर) की काउंसिलर बनीं। रेखा ने पहला विधानसभा चुनाव शालीमार बाग सीट से ही लड़ा था लेकिन जीत नहीं पायीं थीं ,किन्तु हाल के विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को करीब 30 हजार वोट से हराया।। रेखा ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री बना देगी।

भाजपा ने इससे पहले राजस्थान में श्रीमती वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री नहीं बनाकर महिला विरोधी होने के आक्षेप झेले थे ,लेकिन दिल्ली में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा महिलाओं में एक बार फिर अपनी जगह बनाने की नाकाम कोशिश कर रही है। मेरी अपनी धारणा है कि भाजपा हाई कमान ने रेखा को मुख्यमंत्री बनाकर एक तरह से जुआ खेला है। तीर निशाने पर लगा तो ठीक अन्यथा तुरुप बदलने में देर कितनी लगती है? भाजपा अब पार्टी में पीढ़ी परिवर्तन कर रही है। मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने ये प्रयोग करके देख लिया कि पार्टी में कोई इस प्रयोग की खुलकर मुखालफत नहीं कर पाया, दिल्ली में भी मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब पलने वाले तमाम नेता अपमान का घूँट पीकर रह गए हैं। वरना दावा तो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल या पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को हारने वाले विधायकों का बनता था।

जानकारों का कहना है कि भाजपा हाईकमान ने अब महिलाओं को ही अपना रक्षा कवच बना लिया है। दिल्ली विधानसभा की 29 सीटें महिलाओं की वजह से ही भाजपा जीती है। महिलाएं यदि भाजपा के पक्ष में खुलकर मतदान न करतीं तो मुमकिन था की भाजपा की सरकार बन ही न पाती। भाजपा ने मप्र की तर्ज पर दिल्ली में भी महिलाओं को प्रतिमाह 2500रुपए सम्मान निधि देने की घोषणा की थी। महिलाओं को ललचाकर भाजपा महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव भी जीत चुकी है ,केवल झारखण्ड की महिलाएं भाजपा के झांसे में नहीं आयीं। भाजपा ने 70 सीटों में से 9 पर महिला उम्मीदवार उतारे थे।

आपको याद होगा कि दिल्ली में जब एक लम्बे आरसे बाद 1993 में विधानसभा के चुनाव हुए थे तब भाजपा की सरकार बनी थी ,लेकिन तबकी भाजपा ने मात्र 5 साल में तीन मुख्यमंत्री बनाये थे। पहले मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना केवल 3 साल ही अपने पद पर रह पाए । खुराना हटे तो साहिब सिंह वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया थे, वे कोई डेढ़ साल ही पद पर रह पाए की उन्हें भी हटा दिया गय। साहिब सिंह के बाद श्रीमती सुषमा स्वराज मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री बनाई गयीं थीं 1998 में कांग्रेस की श्रीमती शीला दीक्षित के नेतृत्व में हुए चुनाव में भाजपा सत्ता से बेदखल कर दी गयी थी। उम्मीद की जाना चाहिए कि भाजपा इस बार 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापस लौटने पर पहले जैसी गलती नहींकरेगी ,यानि पांच साल में तीन मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी। अब देखना ये है कि रेखा गुप्ता क्या दिल्ली की नयी शीला दीक्षित बन पाएंगीं या नहीं फिलहाल रेखा जी भाजपा की जीवन रेखा तो बन ही गयीं हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष** : अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कर्क** : दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह** : चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या** : निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें।

**तुला** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**वृश्चिक** : संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**धनु** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**मकर** : मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कुंभ** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा।

**मीन** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व मानव विज्ञान दिवस पर कार्यशाला आयोजित



**हजारीबाग।** हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में विश्व मानव विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने मानव कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। इस कार्यक्रम में थर्ड जेंडर के अधिकारों, परिवार और संबंधों पर तकनीक के प्रभाव तथा समाज में परिवार और नातेदारी के बदलते स्वरूप पर विचार किया गया। कार्यशाला के दौरान विभाग के प्रमुख शिक्षक डॉ० गंगानाथ झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मानवीय समस्याओं का समाधान मानव के संपूर्ण अध्ययन से ही संभव है और यह अध्ययन मानव विज्ञान के अंतर्गत किया जाता है। उन्होंने बताया कि मानव विज्ञान, मानव के क्रमिक विकास के अध्ययन के साथ-साथ मानवीय समस्याओं के समाधान के उपाय खोजता है। डॉ० झा ने बताया कि विश्व मानव विज्ञान दिवस का आयोजन 1902 से अमेरिकन एंथ्रोपोलॉजिस्ट संगठन से जुड़ा हुआ है और यह हर वर्ष फरवरी के तीसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर दुनिया भर के मानव वैज्ञानिक अपनी खोजों और शोध को समाज के साथ साझा करते हैं। इस अवसर पर विभाग की शिक्षिका डॉ. जॉनी रुफिना तिर्की ने विद्यार्थियों को फील्ड वर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### दिल्ली में भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता भी बनीं साक्षी



**हजारीबाग।** दिल्ली के रामलीला मैदान में भाजपा की नई सरकार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में हजारीबाग की भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने भी भाग लिया और कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा, प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह ने मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षात्कार किया और भाजपा सरकार की जीत पर हर्ष व्यक्त किया। शेफाली गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली को सशक्त, विकसित और समृद्ध बनाने के लिए सरकार पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार से राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प पूरा होगा और विकास के नए अवसर सृजित किए जाएंगे।

### कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की सड़क दुर्घटना में 6 की मौत, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने जताया दुख



**हजारीबाग।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कुंभ स्नान और अयोध्या दर्शन से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीषण सड़क दुर्घटना में छह लोगों की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में कई अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया है। मुन्ना ने इस घटना को एक अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा, श्रद्धालुओं की असामयिक मौत से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में शक्ति मिले और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मुन्ना सिंह ने प्रशासन से आग्रह किया कि घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए और मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद के लिए तत्पर है। इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सरकार को सख्त सड़क सुरक्षा उपाय अपनाने की आवश्यकता है। मुन्ना सिंह ने कहा, प्रशासन को सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्क रहना चाहिए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# फुल एक्शन मोड में विधायक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अस्पताल प्रशासन से व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि मरीजों को सर्वोत्तम इलाज मिले। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, चिकित्सकों की उपस्थिति और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

बुधवार की रात अस्पताल परिसर में हुई घटना को लेकर विधायक ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से इस मामले की गहन जांच करने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न दुहराई जाएं।निरीक्षण के दौरान विधायक संजीवनी सेवा कुटीर भी पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की और उनकी समस्याएं समझीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर समस्या का समाधान शीघ्रता से किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट किया कि जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी को कोई समस्या हो तो वे बेहिचक उनके पास आ सकते हैं, उनकी समस्या का समाधान अवश्य किया जाएगा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी चिकित्सकीय सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं और मरीजों को समय पर इलाज मिले ताकि किसी को भी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

## हजारीबाग में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में अवैध खनन के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की गई और इस पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जनवरी माह में अपेक्षाकृत कम हुई कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अवैध बालू उठाव और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने पुलिस और प्रखंड प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी चेक पोस्ट पर खनिज लदे वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो वाहन अवैध खनन में संलिप्त पाए जाएंगे, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अधिकारियों से भी जवाब मांगा जाएगा।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हंगामा, सांसद के निर्देश पर मामला शांत

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार की रात उस समय हंगामा हो गया जब एक सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों को उनके परिजन लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया और अस्पताल कर्मियों से कहासुनी हो गई। स्थिति को बिगड़ते देख पुलिस प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने तत्काल अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। उन्होंने दोनों पक्षों से वार्ता कर देर रात तक तनावपूर्ण माहौल को शांत कराया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया और चिकित्सकों से अनुरोध कर ओपीडी सेवा बहाल कराई गई। सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों को मृतकों के परिजनों से संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ व्यवहार करना चाहिए। वहीं, परिजनों से भी आग्रह किया कि वे धैर्य रखते हुए चिकित्सीय प्रक्रिया में सहयोग करें ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलती रहें। मृतकों की पहचान राहुल कुमार यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी तिलरा, निश्चितपुर और कामेश्वर यादव, उम्र 24 वर्ष, निवासी बंदरबेला, पदमा के रूप में हुई। दोनों अविवाहित थे और इटखोरी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना के शिकार हुए। सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान हो।

## आरोग्यम अस्पताल ने चिकित्सा सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए नेतृत्व टीम का गठन

संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल ने चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपनी वरिष्ठ नेतृत्व टीम का विस्तार किया है। अस्पताल प्रबंधन ने अनुभवी चिकित्सकों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है, जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।नए बदलाव के तहत डॉ० बी.एन. प्रसाद को मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ० राहुल कुमार सिंह को डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट और डॉ० अनिल कुमार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि इन विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में अस्पताल की सेवाएं और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होंगी। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज देना नहीं, बल्कि मरीजों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का संपूर्ण अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने आशा जताई कि नई चिकित्सा नेतृत्व टीम के मार्गदर्शन में अस्पताल की सेवाएं नए स्तर तक पहुंचेंगी। उन्नत चिकित्सा सेवाओं, अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम, बेहतर स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था, और आपातकालीन सेवाओं में सुधार के माध्यम से मरीजों को बेहतर अनुभव मिलेगा। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए जाना जाता है। नए नेतृत्व के जुड़ने से अस्पताल की सेवाओं में और अधिक मजबूती आएगी और मरीजों को पहले से बेहतर इलाज और देखभाल मिलेगी।

## मटवारी मस्जिद उल कादरी के मुअज्जिन पर हमला, सिर फटा, ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के कोर्रा थाना अंतर्गत बाबूगांव स्थित मटवारी मस्जिद उल कादरी के मुअज्जिन मोहम्मद युनुस पर रविवार रात जानलेवा हमला हुआ। इस घटना से मोहल्ले में भारी आक्रोश फैल गया। बताया जा रहा है कि यह हमला मस्जिद से जुड़ी जमीन के विवाद को लेकर हुआ। मस्जिद के निर्माण कार्य को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मोहम्मद लियाकत, पिता स्वर्गीय कल्लू मियाँ, इस निर्माण का विरोध कर रहे थे। बताया जाता है कि तीन फीट जमीन को लेकर यह विवाद उत्पन्न हुआ था। मुअज्जिन मोहम्मद युनुस के अनुसार, लियाकत अली के भाई स्वर्गीय रियासत अली ने अपने जीवनकाल में ही मस्जिद के लिए वह तीन फीट जमीन वक्फ कर दी थी, लेकिन अब लियाकत अली न सिर्फ अपने हिस्से की जमीन देने से इनकार कर रहे हैं, बल्कि अपने भाई द्वारा वक्फ की गई जमीन पर भी दावा कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ता गया और हिंसा में बदल गया। मुअज्जिन मोहम्मद युनुस ने बताया कि 16 फरवरी की रात जब वह इशा की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकले, तभी अचानक मोहम्मद लियाकत, उनके बेटे मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद गुलजार और परिवार की महिलाओं रेहाना खातून, काजल खातून व गजाला खातून ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने उन्हें जमीन पर पटक दिया और रिवॉल्वर के बट से सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ समय के लिए उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनकी जेब से 1000 रुपये भी निकाल लिए। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव का माहौल बन गया और ग्रामीण बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। मस्जिद कमेटी ने इस हमले को शर्मनाक करार देते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है। कोर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि घायल मुअज्जिन का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उनकी शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकती है। यह घटना दिखाती है कि संपत्ति और धार्मिक स्थलों से जुड़े विवाद किस तरह हिंसा का रूप ले सकते हैं। ग्रामीण अब प्रशासन से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं और देखना होगा कि इस मामले में प्रशासन क्या कदम उठाता है।

## पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि क्रिकेट प्रतियोगिता में विनोबा भावे विवि ने शानदार प्रदर्शन



संवाददाता

**हजारीबाग।** भुवनेश्वर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय की टीम ने लगातार चार मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे हजारीबाग के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। टीम ने आलिया विश्वविद्यालय, कोलकाता, पटना विश्वविद्यालय और उत्कल विश्वविद्यालय को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और फिर मगध विश्वविद्यालय को हराकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० पवन कुमार पोद्दार ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह जीत विश्वविद्यालय के खेल विभाग और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी जोश और मेहनत के साथ आगे के मैचों में भी अपना बेहतरीन प्रदर्शन करें और खिताब जीतकर हजारीबाग का नाम रोशन करें।

## हजारीबाग में दिल्ली फैशन कपड़ा शोरूम का भव्य उद्घाटन

संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में दिल्ली फैशन कपड़ा शोरूम का भव्य उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह उद्घाटन शहर के प्रसिद्ध कल्लू चौक स्थित प्रतिष्ठान में संपन्न हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह उपस्थित रहे। इस शुभ अवसर पर मोहम्मद शाहिद, जो इस शोरूम के मालिक हैं, ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, स्थानीय व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने इस भव्य आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली फैशन कपड़ा शोरूम का शुभारंभ न केवल व्यापारिक दृष्टि से बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान लोगों को बेहतर गुणवत्ता के वस्त्र उचित दामों में उपलब्ध कराने में सहायक होंगे।

उन्होंने मोहम्मद शाहिद को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह व्यवसाय आगे चलकर और अधिक प्रगति करेगा और ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। इस शोरूम की विशेषता यह है कि यहां पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए आधुनिक और पारंपरिक वस्त्रों का विस्तृत संग्रह उपलब्ध है। कपड़ों की उच्च गुणवत्ता और नवीनतम फैशन को ध्यान में रखते हुए इसे सजाया गया है। ग्राहकों को आकर्षक मूल्य पर उत्कृष्ट वस्त्र प्रदान करने का संकल्प इस प्रतिष्ठान के उद्घाटन के दौरान स्पष्ट रूप से झलक रहा था।

## शराब माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई, एक करोड़ रुपए मूल्य की रकम बरामद



**हजारीबाग।** हजारीबाग में उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई की है। दारू थाना क्षेत्र के जोनिया गांव में एक बंद घर से 1500 पेटी रम बरामद की गई है। जब्त की गई शराब का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू ने किया। उन्होंने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि जोनिया गांव के एक बंद घर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब छुपाई गई है। इसी सूचना के आधार पर विभाग की एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें उत्पाद निरीक्षक, पुलिस बल और अन्य अधिकारी शामिल थे। टीम ने छापेमारी कर घर के अंदर से भारी मात्रा में रम की पेटियां बरामद कीं। कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि यह घर काफी समय से बंद पड़ा था और इसे अवैध शराब भंडारण के लिए उपयोग किया जा रहा था। विभाग इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह शराब कहां से आई और इसका आपूर्ति नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू ने कहा कि राज्य में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रसिद्ध कवि और कथाकार प्राणेश कुमार का निधन

संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड के प्रसिद्ध कवि और कथाकार प्राणेश कुमार के निधन की खबर से साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनका निधन 70 वर्ष की उम्र में रांची स्थित टाटा कैंसर अस्पताल में हुआ, जहां वे लंबे समय से उपचाराधीन थे। वे पेट के कैंसर से पीड़ित थे और पिछले कुछ वर्षों से लगातार चिकित्सा करा रहे थे। उनके निधन के साथ हिंदी साहित्य जगत ने एक अनमोल रत्न खो दिया, जो हमेशा अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवित रहेंगे। प्राणेश कुमार का जन्म 11 जनवरी 1955 को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में हुआ था। वे बचपन से ही साहित्य के प्रति रुचि रखते थे और काव्य सृजन में विशेष रुचि रखते थे। उन्होंने हिंदी साहित्य के पद्य और गद्य दोनों विधाओं में उल्लेखनीय योगदान दिया, लेकिन उनकी पहचान मुख्य रूप से एक कवि के रूप में अधिक हुई। उनकी प्रमुख प्रकाशित कृतियों में 'एक ही परिवेश', 'सख्त जमीन के लिए', 'तुमसे मुखातिब', 'हंसता है सूत्रधार', 'ढाई आखर', 'खोया हुआ आदमी', 'निशा का अंतिम प्रहर', 'प्रतिनिधि कविताएं' और 'मुंडेर पर चिड़िया' जैसी किताबें शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने साहित्यिक पत्रिका 'युद्धरत आम आदमी' का दस वर्षों तक संपादन भी किया, जो साहित्य के क्षेत्र में उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उनके निधन पर साहित्यकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कथाकार रतन वर्मा ने कहा कि हिंदी काव्य जगत ने एक महानतम सितारे को खो दिया है। वे जीवन के अंतिम क्षणों तक काव्य सृजन में संलग्न रहे और उनकी कविताओं में जनवादी चेतना की गहरी झलक मिलती थी। कथाकार टी. पी. पोद्दार ने बताया कि मृत्यु से लगभग एक सप्ताह पूर्व ही उन्होंने हमारे समक्ष अपनी एक नवीन कविता का वाचन किया था, जो यह दशार्ता है कि वे अंतिम समय तक साहित्य साधना में लीन थे। साहित्यिक संस्था परिवेश के संयोजक विजय केसरी ने भी उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि वे एक सच्चे जनवादी कवि थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधान के घर पर बदमाशों ने किया हमला

**कोलकाता।** रायगंज में गुरुवार सुबह एक दुस्साहसी बदमाश ने तृणमूल पंचायत प्रधान के घर पर हमला कर दिया। बदमाशों ने सबसे पहले मरईकुरा ग्राम पंचायत संख्या 10 की प्रधान त्रिशा प्रमाणिक रॉय के घर को निशाना बनाया और उस पर पत्थर और आधी ईंटों से हमला किया। फिर गोलीबारी और बम विस्फोट हुए। इस पूरी घटना से रायगंज शहर से सटे देबीनगर इलाके में भारी हड़कंप मच गया है। रायगंज थाना पुलिस ने इस घटना में एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### मेडिकल प्रवेश भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए ईडी ने पूरे राज्य में 'मेगा हंट' शुरू किया

कोलकाता। राज्य भर में ईडी फिर से एक्शन मूड में। कथित तौर पर एनआरआई कोटे के तहत मेडिकल प्रवेश में भी भ्रष्टाचार हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। उस सूचना के आधार पर ईडी ने इस दिन राज्य में छह स्थानों पर छापे मारे। पता चला है कि मेडिकल दाखिले के दौरान फर्जी एनआरआई प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया गया था। और उस प्रमाण पत्र के माध्यम से कई लोगों को एनआरआई कोटे में प्रवेश मिल गया है। लेकिन वे एनआरआई नहीं हैं। इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। सूत्रों का दावा है कि जांचकताओं को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार की जांच के दौरान यह विसंगति पता चली। इसके तुरंत बाद शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद गुरुवार को ईडी ने कार्रवाई की। आज ईडी ने कोलकाता, काकद्वीप और उत्तर 24 परगना के कई इलाकों समेत कुल 6 इलाकों में छापेमारी की। केंद्रीय बल उसे घेर रहे हैं। खोज जारी है। हालाँकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि जिनके घरों की तलाशी ली जा रही है, वे इस भ्रष्टाचार से कैसे जुड़े हैं।

### हाथ में गोली लगी, चंडीताला थाने के ओसी घायल, गठन हुआ फैक्ट फाइंडिंग टीम

**कोलकाता।** देर रात चली गोली। चंडीतला थाने के प्रभारी जयंत पाल घायल हो गए। गोली उनके बाएं हाथ में लगी। यह घटना बुधवार रात हावड़ा जिले के घोषपाडा इलाके में घटी। देर रात अचानक गोलियों की आवाज से इलाका दहल गया। चंडीतला थाने के प्रभारी जयंत पाल को बाएं हाथ में गोली लगी। पता चला है कि पुलिस अधिकारी के साथ कार में एक युवती भी थी। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे। लेकिन वे दोनों पीछे वाली गाड़ी में थे। गाड़ी चलाते समय अचानक घोषपाडा पेट्रोल पंप के सामने गाड़ी रुक गई। पुलिस अधिकारी ने महिला से बहस शुरू कर दी। तभी अचानक गोलियां चलने लगीं। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि गोलियां किसी और ने चलाईं या पुलिस अधिकारी ने स्वयं चलाईं। घायल पुलिस अधिकारी को हावड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जयंत पाल, हुगली जिला ग्रामीण पुलिस के अंतर्गत चंडीताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी। हुगली ग्रामीण जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधबार हुई गोलीबारी की घटना के संबंध में हुगली ग्रामीण पुलिस द्वारा एक ₹फैक्ट फाइंडिंग टीम₹ का गठन किया गया है। वास्तव में क्या हुआ और गोलियां क्यों चलाई गईं? वह पुलिस अधिकारी वहाँ क्यों गए थे? युवती की भूमिका क्या है? टीम के सदस्य सभी पहलुओं की जांच करने के अलावा घटना की जांच कर हुगली जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट सौंपेंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा। हावड़ा सिटी पुलिस ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है।

### दूषित जल के प्रभाव से लाखों की मछलियां नष्ट

**नालंदा-बिहारशरीफ ।** जिले के चेरो ओपी के समीप सरकारी तालाब में डाली गयी मछली दूषित जल के प्रभाव से नष्ट हो गयी है। इस संबंध में मत्स्य पालक रणजीत कुमार ने बताया कि सरकारी टेंडर के अनुरूप इस तालाब का टेंडर दिया गया था। जिसमें लाखों रुपये का जीरा तालाब में छोड़ा गया था। मत्स्य पालक ने बताया कि समय समय पर कृषि विभाग के निदेशक द्वारा तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक उपचार भी किया जाता था। जिससें मछलियों की सुरक्षा के साथ साथ बढोतरी भी हो सके। प्रत्येक दिन देखभाल के दौरान किसी तरह की समस्या नही थी। जब गुरुवार को तालाब की ओर देखभाल के लिए गये तो सारी मछलियां मरकर पानी के ऊपर छहला रही थी। इस आशय कि सूचना मत्स्य विभाग के पदाधिकारियों को दी गयी। सूचना पाकर मत्स्य विभाग के अधिकारियों के बीच हडकंप मच गया। पदाधिकारी घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और मछली को निकालकर मत्स्य विभाग के तकनीशियन के पास भेजा है। मछली कैसे मरी है इस बात का खुलासा नही किया गया है।

### बिहार के औरंगाबाद में नहर में गिरी कार

**पटना।** बिहार में औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के परशुरामपुर नहर पुल के पास बीती देर रात एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी। इस घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की भीड़ भी नहर किनारे जमा हो गयी और कार को बाहर निकाला गया है। पुलिस के मुताबिक वैगन-आर कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान कर्मा सतुवाही गांव के 34 वर्षीय विवेक कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि विवेक बुधवार की रात में कहीं से लौट रहा था। उसकी कार इस दौरान अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। गुरुवार की सुबह उसका शव निकाला गया।

# हावड़ा से एक करोड़ रुपये का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** हावड़ा से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। बुधवार शाम को गोपनीय सूत्र से मिली सूचना के आधार पर नारकोटिक्स सेल और एसओजी सीआईडी ने हावड़ा ग्रामीण जिले के बाउरिआ थाना अंतर्गत एक स्थान पर छापेमारी की। वहां से 711.650 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा को 31 प्लास्टिक थैलियों में रखा गया था। अभियान में दो वाहन और तीन मोबाइल फोन जब्त किये गये। तलाशी अभियान के दौरान पता चला कि सभी गांजा एक गोदाम



के भूमिगत कक्ष में छिपाए गए थे और कुछ को दो वाहनों के लोहे के कक्षों में रखा गया था। इस गाड़ी के मालिक का नाम शेख माजेद अली है। वह बाउरिआ थाना क्षेत्र का निवासी है। अभियान के दौरान शेख माजेद अली को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि शेख माजेद अली ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों से गांजा इकट्ठा करता था, उसे अपने पास रखता था और हावड़ा तथा पड़ोसी जिलों में स्थानीय एजेंटों को बेचता था। बरामद गांजा की बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है। उस दिन तलाशी अभियान की वीडियोग्राफी की गई। आरोपी शेख माजेद अली को पहले भी गिरफ्तार किया गया था। उसका नाम उलुबेरिया पुलिस स्टेशन में पंजीकृत है। उनका नाम करीमपुर पुलिस स्टेशन में एक अन्य मामले में दर्ज था। वह वहां से वांटेड था। नारकोटिक्स सेल ने अपनी पहल पर शिकायत दर्ज की है। जांच शुरू हो गई है। शेख माजेद अली को अदालत में पेश किया जाएगा और रिमांड आवेदन दायर किया जाएगा।

# कुंभ जाते समय हुआ दर्दनाक हादसा, दो मरे



वरीय संवाददाता

**कोलकाता।** कुंभ मेले में जाते समय एक दुखद दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में दो परिवारों की 4 महिलाओं सहित कुल 6 लोग घायल हो गए। फिलहाल उनका आसनसोल जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल महिलाओं में से एक की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि बांकुड़ा के विष्णुपुर स्थित अयोध्या गांव से एक ही परिवार के आठ सदस्य लग्जरी कार से महाकुम्भ में स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। रास्ते में कुल्टी थाना क्षेत्र के चौरंगी चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार के ड्राइवर सोमनाथ चक्रवर्ती ने बताया, कार 70-80 की स्पीड से जा रही थी। एक लॉरी ने हमारी कार को टक्कर मार दी। तभी हमारी कार एक खड़े कंटेनर से टकरा गई।

# प्रगति यात्रा के नाम पर बिहार में हुई करोड़ों रुपए की लूट : तेजस्वी

एजेंसी

**नवादा।** बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को नवादा में कहा कि प्रगति यात्रा के नाम पर नवादा सहित बिहार के विभिन्न जिलों में अधिकारियों ने करोड़ों रुपये की लूट मचाई है, जो निश्चित तौर पर जनता के रुपये की लूट है। वह गुरुवार को नवादा परिषद में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।



तेजस्वी यादव ने कहा कि विकास, विधि व्यवस्था, स्वास्थ्य, प्रति व्यक्ति आमदनी सहित विभिन्न मामलों में बिहार काफी पीछे चल रहा है ।लेकिन नीतीश कुमार विकास का ढिंढोरा पीट कर प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। इस यात्रा के नाम पर अधिकारियों ने करोड़ों रुपये लूटे। रंगीली कालीन तथा चमकीली स्टॉल लगाकर नीतीश कुमार को अधिकारियों ने नकली विकास दिखाकर रुपये लूटे हैं, जबकि सच्चाई धरातल पर कुछ भी नहीं है । उन्होंने कहा कि मेरी सरकार बनेगी ,तो इन सारी यात्राओं के नाम पर गलत खर्च की जांच कर अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जब महागठबंधन की सरकार बिहार में बनेगी, तो मां- बहन योजना के तहत 2,500 रुपये प्रति माह महिलाओं को दी जाएगी । 200 यूनिट बिजली फ्री किया जाएगा। वृद्धा पेंशन की राशि बढ़ा दी जाएगी ।सभी युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान कर भारी संख्या में नौकरियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज नवादा में संवाद यात्रा के तहत पहुंचा हूं । जहां महिलाओं से अलग तथा आम कार्यकताओं से अलग बात कर उन्हें चुनाव जीतने की टिप्स दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकताओं से मिलकर उन्हें हर कीमत पर होने वाले विधानसभा चुनाव को जितने के तरीके बताए जाएंगे ।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार वासियों के साथ धोखा कर रही है। हर हाल में इसे बदल जाना चाहिए।

# एनआईए की छापेमारी से नकली नोट सप्लाई मामले में हुए अहम खुलासे

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** नकली नोट सप्लाई के मामले में जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मुरली गांव निवासी राजेश सहनी के घर एनआईए की छापेमारी के बाद अहम खुलासे हुए है। बीते साल 5 सितंबर को मिल्ट्री इंटलीजेंस के इनपुट पर मोतिहारी पुलिस ने नेपाल से नकली नोट लेकर रक्सौल के रास्ते जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में पॉल्ट्रीफार्म संचालक मुजफ्फर अहमद वाणी उर्फ सरफराज को पहुंचाने जा रहे इंजीनियर नजरे सद्दाम, मो वारिस और जाकिर हुसैन को बंजरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार तीनो ने बताया था कि उन्हे नकली नोट नेपाल के धोरे में राजेश सहनी नामक व्यक्ति ने दिया था।तब से पुलिस की टीम राजेश सहनी को नेपाली नागरिक मानकर तलाश रही थी।हालांकि वह राजेश सहनी पूर्वी चंपारण जिले के संग्रामपुर के मुरली गांव का निवासी निकला है,जो एलएंडटी नामक फाइनेस कंपनी में बतौर कर्मी काम कर रहा है। यह अहम खुलासा एनआईए के द्वारा मोबाइल सर्विलांस, सीडीआर और लोकेशन के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान हुआ है। राजेश सहनी संग्रामपुर के मुरली गांव निवासी शंभु सहनी का बेटा है।फिलवक्त



वह वैशाली में एलएंडटी फाइनेंस में काम करता है। जानकारी के अनुसार राजेश सहनी का नेपाल के काठमाण्डु में बैठे पाकिस्तान व बंग्लादेश के उन गुर्गो से कनेक्शन है,जो भारत में नकली नोट के प्रसार को बढावा दे रहे है।जांच में यह सामने आया है कि राजेश सहनी भारत के खुफिया व सुरक्षा एजेंसियो को चकमा देने के लिए नकली नोट का डिलेवरी नेपाल के अलग अलग जगहों पर करता था।इसके साथ ही वह मोबाइल में कभी नेपाली नंबर तो कभी भारतीय नंबर का इस्तेमाल करता था, जिस कारण सुरक्षा एजेंसी को उसका लोकेशन ट्रेंस करने में कठिनाई हो रही थी।इतना ही नही नकली नोट के डिलेवरी के दौरान वह सभी सप्लायर को अपना पता बीरंगज के मुरली चौक बताता था।

# अवेयर रहेंगे साइबर फ्रॉड से बचे रहेंगे : बिहार पुलिस



### -कैम्पैन को 'बिग-बी का मिला साथ

एजेंसी

**पटना।** बिहार पुलिस साइबर फ्रॉड से बचने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। जागरुकता कैम्प को बिग -बी अमिताभ बच्चन का भी साथ मिला है।

बिहार पुलिस ने अपने कैम्पैन के माध्यम से कहा है कि आप सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहते हैं या नहीं। इससे उन लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उनका बस एक ही काम है किसी तरह से अपने जाल में फंसाकर आपसे रुपये ठगना। इनसे बचने का एकमात्र उपाय यही है कि आप अवेयर रहें, सतर्क रहें।

बिहार पुलिस लगातार लोगों के बीच जागरूकता फैला रही है। पुलिस की ओर से राज्य के पांच जिले पटना, शेखपुरा, नालंदा, नवादा और जमुई को साइबर अपराध के हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है। ऐसे साइबर अपराधों से निपटने के लिए ईओयू में एक विशेष साइबर सेल भी काम कर रहा है। जिसमें आईजी, डीआईजी, एसपी और डीएसपी के साथ-साथ इंस्पेक्टर, दारोगा व अन्य पुलिस बल हैं।पटना में चार नए साइबर थानों की स्थापना के अलावा 24 घंटे काम करने वाला एक हाइटेक कॉल सेंटर व ट्रेनिंग सेंटर भी बनेगा, जिसपर काम चल रहा है। राज्य में साइबर कमांडो बनाने की भी तैयारी है और इसके लिए आईटी और तकनीकी क्षेत्र में डिग्री वाले 176 पुलिस अधिकारियों का चयन विशेष परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

# बंगाल में पहली बार नाइट मैराथन का आयोजन

संवाददाता

**कोलकाता।** पुरुलिया जिले के अयोध्या हिल्स में रात्रि दौड़ शुरू होने वाली है। पुरुलिया जिला पुलिस, पुरुलिया जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी की पहल और पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से भारत के पहाड़ी क्षेत्र पश्चिम बंगाल में पहली बार रात्रि मैराथन का आयोजन 22 फरवरी को किया जा रहा है।

नाइट मैराथन को लेकर पुरुलिया जिले के पहाड़ी इलाकों और शहरों में अनोखा क्रेज देखा जा रहा है। रात्रि मैराथन के अवसर पर बुधवार की दोपहर पुरुलिया जिला पुलिस द्वारा पुरुलिया शहर में एक विशाल रंगारंग जुलूस का आयोजन किया गया। पुरुलिया जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने पुरुलिया शहर में इस जुलूस का प्रतिनिधित्व किया। इस जुलूस में पुरुलिया शहर की आम जनता के साथ-साथ पुरुलिया जिले के शिक्षक, छात्र और सभी पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। इस जुलूस के दौरान छऊ नृत्य कलाकारों ने छऊ नृत्य प्रस्तुत किया। फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध कलाकार, संगीत कलाकार और प्रमुख एथलीट नाइट मैराथन में भाग लेंगे। पुरुलिया जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने बताया कि यह रात्रि मैराथन अयोध्या हिल्स की पहाड़ी की चोटी से शुरू होकर ऊपरी बांध तक जाएगी तथा ऊपरी बांध से पहाड़ी की चोटी पर रात्रि मैराथन का समापन होगा।

पुरुलिया जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे लगता है कि यह पहली बार है कि पश्चिम बंगाल में पहाड़ियों में नाइट मैराथन आयोजित की जा रही है। परिणामस्वरूप, हमें पूरे भारत से प्रतिक्रिया मिली है। अब तक 1,000 नाम पंजीकृत हो चुके हैं। जुलूस के माध्यम से हम अयोध्या पहाड़ियों के ऊपरी बांध के मध्य भाग में पहुंचे और हमने नाइट मैराथन के महिला और पुरुष प्रतिभागियों को जर्सी, मेडल प्रदान किए और थीम गीत के साथ शुभ कार्यक्रम की शुरूआत की।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि इस रात्रि मैराथन के अंत में प्रसिद्ध कलाकार संगीत प्रस्तुति करेंगे।

पुरुलिया जिले की संस्कृति को संरक्षित करने मं मुख्य रूप से शामिल आदिबासी कलाकार भी संगीत प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही छऊ नृत्य, नटुआ, नचनी, झुमुर, भादु, टुसू सबका आयोजन होगा। प्रसिद्ध आदिबासी कलाकार कल्पना हांसदा प्रस्तुति करेंगे। मैराथन के अंत में अयोध्या की पहाड़ी पर आठ से दस हजार आम लोग भोज में शामिल होंगे।

# एसटीएफ ने टॉप टेन अपराधी की सूची में शामिल बदमाश को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**किशनगंज।** पुलिस व एसटीएफ की टीम ने टॉप टेन अपराधी की सूची में शामिल बदमाश को बुधवार की रात को गिरफ्तार किया है। आरोपी को बंगाल के ग्वालपोखर से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार बदमाश मुजीबुर्रहमान ग्वालपोखर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक सागर



कुमार ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि टॉप टेन बदमाश की सूची में शामिल आरोपी को बंगाल के ग्वालपोखर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इसके विरुद्ध कई अपराधिक मामले दर्ज है।

लुट शीर्ष में पिछले सात वर्षों से फरार चल रहा था। जिले के टॉप 10 बदमाश मुजीबुर्रहमान ग्वालपोखर उत्तर दिनाजपुर निवासी के विरुद्ध किशनगंज सदर थाना में लुट के मामले दर्ज थे। इसके विरुद्ध इस्तहार तक की कार्रवाई की गई है।

# घने बादलों से ढका रहा आसमान , कोलकाता में आंधी के साथ बारिश, छह जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

संवाददाता

**कोलकाता।** मौसम विभाग ने इसकी भविष्यवाणी की थी। गुरुवार सुबह से ही कोलकाता का आसमान घने बादलों से ढका रहा। कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल में पूरे दिन गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान किया गया था। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और बिजली गिरने की भी संभावना है। उत्तर बंगाल में भी छिटपुट तूफान आने का अनुमान की थी।

अगले रविवार तक दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी



की गई है। अलीपुर कि मुताबिक गुरुवार को कोलकाता सहित पूरे दक्षिण में गरज के साथ बारिश हुई। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है। बारिश के साथ-साथ पुरुलिया, बांकुडा, पश्चिमी मिदनापुर, पूर्वी और पश्चिमी बर्दवान तथा हुगली जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कोलकाता, पूर्वी मिदनापुर और दक्षिण 24 परगना में हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटा रहा। रविवार तक कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान है। हालांकि अलीपुर ने बताया कि सोमवार से मौसम बदलेगा।

उत्तरी जिलों में भी बारिश की संभावना है। गुरुवार से जलपाईगुड़ी और कूचबिहार सहित सभी उत्तरी जिलों में हल्की बारिश हुई। दार्जिलिंग में हल्की बर्फबारी की भी संभावना है। हालांकि लगातार बारिश की संभावना के बावजूद अगले पांच दिनों में राज्य में कहीं भी न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। अलीपुर ने कहा कि उत्तर और पूर्वी भारत में राजस्थान और असम में दोहरे चक्रवात हैं। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी में एक विपरीत चक्रवात उत्पन्न हो गया है। एक नया पश्चिमी तूफान उत्तर-पश्चिम भारत से पूर्वी भारत की ओर बढ़ रहा है। इन सबके कारण बंगाल में बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा हो गई हैं। हालांकि, कृषि वैज्ञानिक इस समय राज्य भर में हो रही बारिश से रबी फसलों को नुकसान होने की चिंता जता रहे हैं। आलू की खेती को सबसे अधिक नुकसान हो सकता है।

# पंचायत समिति विकास योजना के निर्माण हेतु पंचायत समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता

**पाकुड़।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रमुख चन्दना माल पहाड़िया की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंचायत समिति विकास योजना के निर्माण हेतु पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई ।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंचायत समिति को उपलब्ध राशि के बारे पृच्छा किये जाने पर पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक श्री आनंद प्रकाश द्वारा सदन को बताया गया कि 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना निर्माण हेतु कुल 2,02,87,490 (दो करोड़ दो लाख सतासी हजार चार सौ





नब्बे) रुपए अनुदान मद में प्राप्त होने वाले हैं जिसमे नियमानुसार आबद्ध एवम अनाबद्ध मद में योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाना है ।

सदन द्वारा प्रशासनिक एवम आकस्मिक योजनाओं हेतु राशि के कटौती के पश्चात कुल एक करोड़ तिरसठ लाख रुपए के कार्य योजना की स्वीकृति दी गई जिसे 28 फरवरी तक पोर्टल पर अपलोड कर फ्रीज करने का निदेश दिया गया ।बैठक को आगे बढ़ाते हुए स्वास्थ्य,आपूर्ति, शिक्षा,विद्यार्थियों की समस्या, आवास योजनाओं की समीक्षा की गई । प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा करते हुए हर क्षेत्र में प्रत्येक विभाग की आम जनता की कितनी भागीदारी है और कितनी लाभ आम जनता को मिलनी चाहिए सबके महत्त्व को बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूली छात्रा से दुष्कर्म मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लिया संज्ञान



**मेदिनीनगर।** पलामू के पिपरा थाना क्षेत्र स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की दसवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संज्ञान लिया है। इस घटना की खबर अखबार में प्रकाशित होने के बाद पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सचिव अर्पित श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि पीड़िता को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाय। इस निर्देश के आलोक में पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से राशन सामग्री और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं पैरा-लीगल वॉलंटियर के माध्यम से उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, विक्टिम कम्पनसेशन के तहत मामला पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता के द्वारा विक्टिम कम्पनसेशन के लिए आवेदन दिया गया है, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। पैरा-लीगल वॉलंटियर के माध्यम से तत्काल राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं पीड़िता को उपलब्ध करा दी गई हैं और जल्द ही मुआवजे की राशि भी प्रदान की जाएगी। विदित हो कि पीड़िता चार बहनों में दूसरी है। उसकी एक बड़ी बहन की शादी हो चुकी है, जबकि उससे छोटी तीन बहनें अभी अविवाहित हैं। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है, और उसका पालन-पोषण उसके चाचा और चाची कर रहे हैं।

### सामूहिक विवाह समारोह में किन्नरों के नृत्य से झूमे बाराती, गढ़वा में दिखा अनोखा नजारा



**गढ़वा।** गढ़वा जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा दनारो नदी छठ घाट पर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन ने पूरे शहर को एक नए रंग में रंग दिया। बारात जब नवादा मोड़ स्थित आशीर्वाद मैरिज हॉल से दनारो नदी स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, तो वहां का माहौल पूरी तरह से उत्साह और उल्लास से भर गया। इस समारोह की सबसे खास बात यह रही कि किन्नर समाज के सदस्यों ने बारात के साथ मिलकर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी रंगीन पोशाकें, ऊजार्वान नृत्य और जोश भरे ठुमकों ने बारातियों का मन मोह लिया। बाराती भी खुद को रोक नहीं पाए और किन्नरों के साथ झूमने लगे। उनके नृत्य को देखने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। इस आयोजन ने गढ़वा के लोगों के बीच सामूहिक प्रेम, सौहार्द और एकता का अनूठा संदेश दिया। पूरा शहर इस अद्भुत माहौल में डूबा नजर आया, जिससे उत्सव का वातावरण बन गया। सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से समाज में भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है, और यह आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### एसडीएम ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**विश्रामपुर।** एसडीएम सुलोचना मीना ने बुधवार को रेहला बी - मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने इंटर के सात परीक्षार्थियों को कदाचार में सनलिप्त पाया।जिन्हें एसडीएम ने केंद्राधीक्षक को निष्काशित करते हुये छात्रों को पुलिस को सुपुर्द करने का आदेश दिया।केंद्राधीक्षक विकास पटेल ने बताया कि एसडीएम के निर्देशानुसार सातों परीक्षार्थियों को निष्काशित कर रेहला पुलिस को सौंप दिया गया है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान

# जागरूकता रथ को डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक जागरूकता रथ को मंगलवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक रतन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, एनडीसी विक्रम कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की गई, जिसमें सभी अधिकारियों ने बालिका जन्म पर खुशी मनाने, लिंग भेद को समाप्त करने, बालिकाओं का स्कूल में दाखिला सुनिश्चित करने और उनकी पढ़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।



साथ ही बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों का विरोध करने, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित एवं हिंसा मुक्त वातावरण देने और उन्हें संपत्ति में समान अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की गई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बालिकाएं किसी भी रूप में कम नहीं हैं। उनका संरक्षण और सशक्तिकरण बेहद जरूरी है ताकि वे शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को संवार सकें। उन्होंने कहा कि बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वे चिकित्सा, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक सेवाओं और अन्य क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। इस रथ के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को बेटियों की शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा और समाज में उनके प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि यह अभियान 22 जनवरी से शुरू हुआ है और 8 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बच्चियों और महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से बाल विवाह की रोकथाम और बेटियों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पलामू की पुलिस अधीक्षक और सदर अनुमंडल पदाधिकारी महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल हैं, जिन्होंने अपने परिवार के निरंतर समर्थन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। अपनी शक्ति और सकारात्मक सोच के साथ समाज में बदलाव लाने की दिशा में कार्यरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं और उन्हें हर क्षेत्र में समान अवसर मिलने चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

## इंडी गठबंधन की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण: अविनाश वर्मा

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विधानसभा में दिए गए आपत्तिजनक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को पूरे सनातन समाज और देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने विधानसभा में बयान देते हुए प्रयागराज स्थित महाकुंभ को ह्यमृत्युकुंभह्न कहकर संबोधित किया था। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अविनाश वर्मा ने कहा कि इतने बड़े प्रदेश की मुख्यमंत्री और देश की प्रमुख महिला नेत्री होने के बावजूद लोकतंत्र के मंदिर में ममता बनर्जी द्वारा दिया गया यह बयान न केवल घोर निंदनीय है, बल्कि अपमानजनक भी है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का संगम है। करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़े इस आयोजन के प्रति ओछी बातें करना किसी भी व्यक्ति या सरकार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि दो दिन बीत जाने के बावजूद भी इंडिया गठबंधन में शामिल किसी भी राजनीतिक दल ने इस बयान की निंदा नहीं की है। यह दशार्ता है कि इन दलों में काम कर रहे हिंदुत्व और सनातन समाज के समर्थकों को अपने अस्तित्व और पहचान के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग डर और थोड़े से लालच के लिए ऐसे बयानों को नजरअंदाज कर रहे हैं, वे अपने मूल विचारों से समझौता कर रहे हैं। वर्मा ने कहा कि महाकुंभ की लोकप्रियता और पवित्रता से घबराए कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं ने जिस तरह आस्था के इस सबसे बड़े केंद्र पर कटाक्ष किया है, वह ह्यविनाश काले विपरीत बुद्धिह्न का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को संगम में स्नान कर मां गंगा से क्षमा मांगनी चाहिए और भविष्य में इस तरह के बयान देने से बचना चाहिए। अन्यथा, आने वाली पीढ़ियां ऐसे लोगों को कभी माफ नहीं करेंगी।

## हिंद मजदूर सभा गैर-राजनीतिक और देश का सबसे पुराना श्रमिक संगठन : गिरिनाथ सिंह

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के पड़वा प्रखंड स्थित राजहरा कोलियरी में हिंद मजदूर सभा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष और गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह का भव्य स्वागत किया गया। पलामू के मजदूर नेता नितेश सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर उनका अभिनंदन किया। कोलियरी मोड़ पर फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया।



इसके बाद राजहरा कोलियरी के प्रांगण में हिंद मजदूर सभा की एक आम सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजहरा एरिया सचिव कामाख्या नारायण पांडे ने की और संचालन मजदूर नेता नीरज तिवारी उर्फ छोटू तिवारी ने किया। इस अवसर पर पलामू के कई प्रमुख मजदूर नेता अपने समर्थकों के साथ हिंद मजदूर सभा में शामिल हो गए। सभा को संबोधित करते हुए हिंद मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह ने कहा कि हिंद मजदूर सभा शुद्ध रूप से गैर-राजनीतिक संगठन है और यह देश का सबसे पुराना श्रमिक संगठन भी है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में संगठन के विस्तार की जरूरत है, क्योंकि राजहरा कोलियरी के साथ-साथ कार्बन फेयर माइंस, हिंडाल्को, त्रिमूला और अरण्या कोल माइंस के खुलने से पलामू में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। हालांकि, इन कंपनियों द्वारा किए जा रहे दोहन और मजदूरों के शोषण को रोकने के लिए एक मजबूत और सशक्त यूनियन का होना आवश्यक है।

सभा में एचएमएस यूनिट सचिव विजय पांडे, सत्येंद्र पांडे, कामरेड संजय तिवारी, नीतू सिंह, रविंद्र सिंह, अजमल अंसारी, अजय राम, राजा शर्मा, लालजी राम, मिकी पाल, आनंद चौहान, सूरज राम, प्रदीप पासवान, राजेश गुप्ता, सोनू कुमार, अश्वनी मेहता, सलमान अंसारी, अनिकेत कुमार, उदय चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में मजदूर एवं आमजन शामिल हुए।

## भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर द्वारा संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पलामू में मंगलवार को नगर मंडल मेदिनीनगर के तत्वावधान में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने की। कार्यशाला की शुरूआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल चुनाव अधिकारी (प्रभारी) सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा और मंडल सह प्रभारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजहंस अग्रवाल उपस्थित रहे।कार्यशाला में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि 25 फरवरी तक सभी बूथों पर बूथ कमेटियों का गठन पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मंडल और पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।



पार्टी की रणनीति के अनुसार, केवल सक्रिय सदस्यों को ही मंडल का अधिकारी या पंचायत अध्यक्ष बनने का अवसर दिया जाएगा ताकि संगठन में समर्पित और कर्मठ कार्यकताओं को स्थान मिल सके।

इस अवसर पर मंडल सह प्रभारी राजहंस अग्रवाल ने कहा कि सभी पंचायत प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं और पंचायत अध्यक्षों को तय समय सीमा के भीतर बूथ कमेटियों का गठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता को पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा। कार्यशाला के संचालन की जिम्मेदारी जिला मंत्री सोमेश सिंह ने निभाई, जबकि कार्यक्रम के समापन की घोषणा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा जौहरी ने की। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिला सोशल मीडिया प्रमुख अविनाश सिंह छोटू, जिला आईटी सेल प्रभारी शुभम गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सीएस दुबे, वीरेंद्र सिन्हा, मंजू गुप्ता सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाला गया मशाल जुलूस

संवाददाता

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भितिहा गांव के समीप स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की एक छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में बीते रात्रि मशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस पीपरा हाई स्कूल से शुरू होकर पीपरा बाजार होते हुए पीपरा थाना के समीप पहुंचा, जहां




यह एक सभा में परिवर्तित हो गया। इस सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि छात्रा के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक आरोपी रंजन सिंह को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। यह पुलिस की निष्क्रियता को दशार्ता है और इससे आम जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 23 फरवरी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस घटना में पुलिस की ढिलाई ने लोगों को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया है। इस मशाल जुलूस में बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, राजकुमार गौतम, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, रबी रोशन कुमार, चितरंजन बौद्ध, प्रमोद राम, मुकेश रवि, अर्जुन राम, राम परिखा राम, विवेक मेहता, रघुवर मेहता, अनिल कुमार, ढुटु राम, करीमन राम, जितेंद्र प्रजापति, अनिल प्रजापति, वार्ड सदस्य अरुण मिश्रा, सुनील पासवान, पंचायत समिति की सदस्य फूलकली देवी, किरण देवी, दीपिका देवी, शारदा देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, मीना देवी, कविता देवी, रेशमा देवी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

## प्रखंड पदाधिकारी अमित झा ने पौधा देकर मंत्री को किया सम्मानित



संवाददाता


**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त, योजना सह विकास, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर का पाटन प्रखंड के प्रखंड पदाधिकारी अमित झा ने हरियाली का प्रतीक पौधा देकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रखंड पदाधिकारी ने कहा कि पेड़-पौधों का संरक्षण और संवर्धन समाज के लिए बहुत जरूरी है और इसे बढ़ावा देने के लिए यह सम्मान दिया गया है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ आम जनता को उठाना चाहिए। इस दौरान प्रखंड के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

पलामू › बरवाडीह में मनरेगा योजना में बड़ा घोटाला

# पोकलेन मशीन से कराई गई कूप की खुदाई

संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की परतें एक बार फिर उजागर हुई हैं। प्रखंड के उक्कामाड़ पंचायत में बिरसा सिंचाई संवर्धन मिशन के तहत अमरेश राम के खेत में बनाए जा रहे कूप निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। इस योजना के तहत कूप की खुदाई श्रमिकों के माध्यम से की जानी चाहिए थी, लेकिन यहां नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पोकलेन मशीन से लगभग 20 फीट की खुदाई कर दी गई। लाभुक के पुत्र ने इस अनियमितता



पर सवाल उठाते हुए बताया कि उनके पिता के नाम से यह कूप स्वीकृत हुआ था, जिसे उनके खेत के बीच में बनाया जाना था। लेकिन विभागीय कर्मियों और बिचौलियों ने मनमानी करते हुए पहले से मौजूद एक पुराने कच्चे कूप के स्थान पर ही खुदाई करा दी।

जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें बताया गया कि यह कार्य पुराने फंड से हो रहा है और उन्हें जबरन उसी स्थान पर कूप निर्माण के लिए राजी कर लिया गया। गड़बड़ी यहीं खत्म नहीं हुई। इस कूप निर्माण के लिए दो एमआर जारी किए जा चुके हैं और लगभग 15 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि खुदाई मशीन से हुई है तो मजदूरों के खाते में भुगतान किस आधार पर किया गया। क्या इन मजदूरों के जॉब कार्ड के जरिए फर्जी भुगतान किया गया। यदि ऐसा है तो यह गंभीर मामला है और ऐसे मजदूरों के जॉब कार्ड को तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए। यह पहला मामला नहीं है जब बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ियां सामने आई हैं। इससे पहले केचकी पंचायत में भी मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित द्वारा लाखों रुपये की अनियमितता उजागर कर जुमार्ने और रिकवरी की सिफारिश की गई थी, लेकिन यह मामला आज भी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि जिले में मनरेगा योजनाओं की मॉनिटरिंग ठीक से नहीं हो रही है और भ्रष्टाचार के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिले के वरीय अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## मनातु जंगल से दो शव बरामद, गोली मारकर और टांगी से काटकर की गई हत्या

संवाददाता

**मनातु।** मेदिनीनगर के मनातु प्रखंड क्षेत्र के पंचायत रंगिया के राजखेता गांव के जंगल से पुलिस ने दो लोगों के शव बरामद किए हैं। शवों के पास से एक टूटी हुई बंदूक भी बरामद हुई है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले गोलियां भी चलाई गई थीं। सूचना मिलने के बाद पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों व्यक्तियों की गोली मारकर और टांगी से काटकर हत्या की गई है। मृतकों में से एक की पहचान मनातु थाना क्षेत्र के चुनका गांव निवासी दिनेश यादव, पिता चनर



यादव के रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हत्या के पीछे के कारणों को लेकर पुलिस कई संभावनाओं पर विचार कर रही है। आपसी रंजिश, अवैध कारोबार से जुड़ा विवाद या नक्सली गतिविधि जैसे कारणों की भी जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से इस इलाके में संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही थीं, लेकिन किसी ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी थी। फिलहाल पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की तहकीकात कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की दमदार शुरूआत, पाकिस्तान को 60 रन से हराया



**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के उद्घाटन मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 60 रन से पराजित कर विजयी आगाज किया। टॉम लैथम और विल यंग के बेहतरीन शतकों की बदौलत न्यूजीलैंड ने 320 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 260 रन पर सिमट गई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरूआत संघर्षपूर्ण रही। शुरूआती झटकों के बाद विल यंग और टॉम लैथम ने पारी को संभाला। यंग ने 107 रनों की बेहतरीन पारी खेलते हुए अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा। वहीं, लैथम ने 95 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया और 118 रन बनाकर नाबाद लौटे। ग्लेन फिलिप्स ने भी 39 गेंदों में तेजतर्रार 61 रन बनाकर टीम को 320 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और हारिस रऊफ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अबरार अहमद को एक सफलता मिली। 321 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम की शुरूआत खराब रही। शुरूआती झटकों के बाद बाबर आजम (64) और खुशदिल शाह (69) ने टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बाकी बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे सके। सलामी बल्लेबाज शाद शकील (6) और मोहम्मद रिजवान (3) जल्दी आउट हो गए, जबकि फखर जमान भी 24 रन बनाकर चलते बने। पाकिस्तान की टीम 16 गेंद पहले ही ऑलआउट हो गई।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हुए फखर जमान



**कराची।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान को न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के दौरान चोट लगने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के शेष भाग से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में इमाम-उल-हक को नामित किया है। जमान को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लगने के बाद केवल दो गेंदों पर मैदान छोड़ना पड़ा। सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शाहीन अफरीदी की गेंद को कवर के माध्यम से खेला, जमान ने गेंद का पीछा किया और उसे सीमा पार करने से रोकने में कामयाब रहे लेकिन इस प्रक्रिया में घायल हो गए। जमान बाद में पहली पारी के बाद के चरणों में मैदान पर लौटे लेकिन मैदान से बाहर लंबे समय को देखते हुए बाद में पारी की शुरूआत नहीं कर सके। यहां तक कि जब वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आए, तो उन्हें विकेटों के बीच दौड़ने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने बाबर आजम के साथ 65 गेंदों में 47 रन की साझेदारी में 41 गेंद में 24 रन बनाए। पाकिस्तान, जो 320 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रहा था, शुरूआती मैच में 60 रनों से हार गया।

### रेफरी को अपशब्द कहने पर जूड बेलिंगहैम पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध

**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ ) की अनुशासनात्मक समिति ने रियल मैड्रिड के इंग्लिश मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया है। यह कार्रवाई उन्हें ओसासुना के खिलाफ पिछले शनिवार को खेले गए मैच में लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद की गई है। मैच के पहले हाफ में रेफरी जोस लुइस मुनुएरा मोंटेरो ने बेलिंगहैम को अपशब्द कहने के आरोप में बाहर भेज दिया था। हालांकि, रियल मैड्रिड ने रेफरी की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेलिंगहैम ने एफ यू की जगह एफ ऑफ कहा था। आरएफईएफ ने बेलिंगहैम को रेफरी के प्रति अनादर का दोषी पाया है, जिसके चलते उन्हें दो मैचों के लिए निलंबित किया गया। यदि उन्हें रेफरी का अपमान करने का दोषी माना जाता, तो उनका प्रतिबंध 4 से 12 मैचों तक बढ़ सकता था। इस फैसले के बाद रेफरी मुनुएरा को सोशल मीडिया पर धमकियों और अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाते हुए सैकड़ों अपमानजनक संदेश भेजे गए, जिससे मजबूर होकर उन्होंने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल बंद कर दी हैं।

## भारत का 49 सदस्यीय दल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

# मेहनत और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है : डॉ. मल्लिका नड्डा

● खेल का लुत्फ उठाने के लिए 1,00,000 दर्शकों के आने की उम्मीद है

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में 8 मार्च, 2025 से 15 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता शिरकत करने वाले भारतीय दल में 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी 6 खेल स्पर्धाओं-अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह भव्य प्रतियोगिता इस साल का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा, जिसमें भारी संख्या में एथलीट, सपोर्ट स्टाफ और अन्य लोग अपनी भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसमें बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और लचीलापन देखने को मिलेगा। इन खेलों के माध्यम से विश्व स्तर पर समावेश को बढ़ावा मिलेगा।

स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स के 12वें संस्करण में 8 खेल स्पधाएं शामिल हैं और इनमें 102 देशों के 1,500 से अधिक एथलीट 621 अपने कोचों की देखरेख में अपना जौहर दिखाएंगे और उनके खेल का लुत्फ उठाने के लिए 1,00,000 दर्शकों के आने की उम्मीद है।

विंटर गेम्स 2025 के दौरान एथलीटों, परिवारों और दर्शकों के लिए स्पेशल ओलंपिक ग्लोबल यूथ लीडरशिप समिट, हेल्दी एथलीट स्क्रीनिंग और मोटर एक्टिविटी ट्रेनिंग प्रोग्राम सहित अतिरिक्त खास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वर्ल्ड विंटर गेम्स में भारत की भागीदारी का एक समृद्ध इतिहास रहा है और उसने पिछले संस्करणों में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान विंटर गेम्स की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य सहित कुल 167 पदक अर्जित किए हैं।

स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा मैं स्पेशल ओलंपिक विंटर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देना चाहती हूं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है, और हम ट्यूरिन में उनके दमदार प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हैं। हम अपने एथलीटों को एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं और हमें यकीन है कि वे एक बार फिर वैश्विक मंच पर देश को गौरवान्वित करेंगे।

### यूपी ग्रेस को हराकर नावेल टाटा ने खिताब पर किया कब्जा

**लखनऊ।** आल इंडिया के.डी. सिंह बाबू सब जूनियर प्राइज मनी हाकी टूर्नामेंट के फाइनल में यूपी ग्रेस को हराकर ओड़िसा की नावेल टाटा एकेडमी ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। वहीं थर्ड प्लेस में पंजाब की राउंड ग्लास एकेडमी ने राजस्थान हाकी एसोसिएशन को 19-1 से मात देकर तीसरे स्थान को सुरक्षित कर लिया। राउंड ग्लास एकेडमी शुरू में ही हावी हो गयी और पहले हाफ में ही लगातार छह गोल दागे। इसके बाद दूसरे हाफ में चार गोल किये। इसके बाद भी राजस्थान की टीम एक गोल भी नहीं कर सकी और मैदान में लड़खड़ाती नजर आयी। तीसरे हाफ में राउंड ग्लास ने दो गोल किये, चौथे हाफ में सात गोल कर काफी आगे बढ़ गयी। चौथे हाफ में राजस्थान की टीम ने भी एक गोल की। इस मैच में राउंड ग्लास ने 19-1 से मैच को जीत लिया। वहीं फाइनल राउंड में यूपी ग्रेस और नावेल टाटा के बीच भी मुकाबला एकतरफा दिखा। पहले हाफ के पहले मिनट में ही नावेल टाटा की टीम ने एक गोल कर दिया। इसके बाद तुरंत तीसरे मिनट में दूसरा गोल किया। दूसरे हाफ में लगातार तीन गोल किये, लेकिन यूपी ग्रेस की टीम अभी तक एक गोल भी नहीं कर सकी। तीसरे और चौथे हाफ में भी नावेल टाटा की टीम ने एक-एक गोल कर दिये।

## महिला फुटबाल लीग की विजेता बनीं मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम

**मुरादाबाद। एजेंसी**



अस्मिता खेलो इंडिया के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के समन्वय से आयोजित महिला फुटबाल लीग की विजेता मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम बनी। अंकों के आधार पर निर्णायकों ने यह फैसला किया। उपविजेता का तमगा जिला फुटबाल एसोसिएशन की टीम को मिला है। गुरुवार को पुरस्कार वितरण दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल के मैदान पर हुआ। अंडर-15 आयु वर्ग में आयोजित इस लीग में सात मुकाबले खेले गए थे। मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम को 17 अंक मिले।

जबकि जिला फुटबाल एसोसिएशन की टीम 16 अंक पाकर दूसरे स्थान पर रही। जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मो. नासिर कमाल ने बताया कि विजेता टीम को 50 हजार व उपविजेता टीम को 30 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।

## श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर हुई मौली पेनफोल्ड

**वेलिंगटन। एजेंसी**

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की गंभीर चोट के कारण शेष सत्र से बाहर हो गई हैं। इसका मतलब है कि वह श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड के दौरान बाएं घुटने में मेनिस्कस की चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उनकी रिकवरी में करीब 12 सप्ताह लगने की उम्मीद है। मुख्य कोच बेन सॉयर ने इस पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा



यह मौली के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर रोज बाउल श्रृंखला में उनके प्रभावी प्रदर्शन के बाद। हालांकि, सकारात्मक बात यह है कि वह शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम तक फिट हो सकती हैं।र

पेनफोल्ड ने अब तक 14 वनडे में 9 और 10 टी20 मुकाबलों में 7 विकेट लिए हैं। पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेसिन रिजर्व में उन्होंने 42 रन देकर 4 विकेट झटके थे, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

**सोफी डिवाइन भी श्रीलंका के खिलाफ नहीं खेलेंगी**

न्यूजीलैंड को श्रीलंका के खिलाफ अपने स्टार खिलाड़ी सोफी डिवाइन के बिना भी उतरना होगा। डिवाइन ने खेल से ब्रेक ले रखा है और उनकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उपलब्धता को लेकर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। न्यूजीलैंड अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगा, जिसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मुकाबलों में हिस्सा लेगा। डब्ल्यूपीएल छोड़कर श्रीलंका लौटेंगी अथापथु, अमेलिया केर भारत में ही रहेंगी।

श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु अपनी राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को जल्द छोड़ देंगी। हालांकि, न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया केर भारत में ही बनी रहेंगी।

## हमें उम्मीद नहीं थी कि न्यूजीलैंड बोर्ड पर 320 रन बनाएगा : मोहम्मद रिजवान

**कराची। एजेंसी**



सात साल के लंबे इंतजार के बाद चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी हुई, और टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रनों से हराकर शानदार आगाज किया। बुधवार देर रात खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की शुरूआत संघर्षपूर्ण रही। पाकिस्तानी गेंदबाजों नसीम शाह, हारिस रऊफ और अबरार अहमद ने कड़ा मुकाबला पेश किया और शुरुआती 73 रन के भीतर डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन और डेरिल मिशेल के विकेट झटक लिए। लेकिन इसके बाद टॉम लैथम (118) और विल यंग (107) ने 118 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को मुश्किल हालात से बाहर निकाला। अंत में ग्लेन फिलिप्स ने 39 गेंदों में 61 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने आखिरी 10 ओवरों में 113 रन जोड़कर स्कोर को 320/5 तक पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम इस विशाल लक्ष्य के दबाव में बिखर गई और पूरी टीम 260 रन के भीतर सिमट गई। मैच के बाद पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा हमें उम्मीद नहीं थी कि वे 320 तक पहुंच जाएंगे। हमने सोचा था कि उन्हें 260 के आसपास रोक लेंगे, लेकिन विल यंग और लैथम ने बहुत समझदारी से खेला। अंतिम ओवरों में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था, जिससे उन्होंने बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया।

## कार्लोस अलकराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जिरी लेहेका से होगी भिड़ंत

**दोहा। एजेंसी**

स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने बुधवार को इतालवी क्वालीफायर लुका नारदी को हराकर कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि, यह जीत उनके लिए आसान नहीं रही। पहला सेट जीतने और दूसरे सेट में 4-1 की बढ़त लेने के बावजूद, अलकराज को संघर्ष करना पड़ा जब नारदी ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक खींच लिया। तीसरे सेट में, अलकराज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और 6-1, 4-6, 6-3 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मैच के बाद अलकराज ने कहा उन्होंने कुछ शानदार अंक खेले और ऐसा लगने लगा कि वह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी की तरह खेल रहे हैं। मैं बस खुद को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने की कोशिश कर रहा था। तीसरे सेट में वापसी कर जीत हासिल करना मेरे लिए संतोषजनक है। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज, जो दोहा



में पहली बार खेल रहे हैं, गुरुवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चेक गणराज्य के जिरी लेहेका का सामना करेंगे। लेहेका ने अपने प्री-क्वार्टर मुकाबले में हंगरी के फैबियन मारोजसन को महज एक घंटे में 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

## व्यापार

## राममोहन नायडू ने पायलटों के लिए लॉन्च किया 'इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस'

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित उड़ान भवन में पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) लॉन्च किया। इसके साथ ही भारत चालक दल के सदस्यों के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। चीन पहले ही ऐसी सुविधा लागू कर चुका है। इस अवसर पर के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारत पायलट लाइसेंस को डिजिटल बनाने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है।




अब हमारे पायलट वैश्विक एजेंसियों के लिए सहज वास्तविक समय सत्यापन के साथ ईजीसीए ऐप के माध्यम से किसी भी समय अपने लाइसेंस को सुरक्षित रूप से एक्सेस कर सकते हैं। यह भारतीय विमानन के लिए एक बड़ा बदलाव है।

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) का कार्यान्वयन सरकार की व्यापार सुगमता और डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है। इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस देश में नागर विमानन के आधुनिकीकरण एवं सुरक्षा, संरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह आधुनिक विमानन प्रशासन के लिए अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की रूपरेखा के अनुरूप है और भविष्य के लिए तैयार रहने की देश की तत्परता को दशार्ता है। इस अवसर पर नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और डीजीसीए के महानिदेशक (डीजी) फैज अहमद किदवई भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को पूर्वोत्तर में मिली उल्लेखनीय सफलता

**नई दिल्ली। एजेंसी**

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इसके तहत अरुणाचल प्रदेश में उपभोक्ता शिकायत पंजीकरण और समाधान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश में उपभोक्ता शिकायत पंजीकरण और समाधान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में अरुणाचल प्रदेश बेहतरीन प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरा है। मंत्रालय ने कहा पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में अरुणाचल प्रदेश एक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला राज्य बनकर उभरा है। 2020 में 318 शिकायतों के साथ राज्य में विभिन्न चैनलों के माध्यम से एनसीएच तक पहुँचने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई, जिसके कारण 2024 में 15,860 उपभोक्ता शिकायतें दर्ज की गईं।

अरुणाचल की प्रगति एनसीएच प्लेटफॉर्म में बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता और विश्वास को प्रदर्शित करती है, जो अभिनव आउटरीच पहलों और तकनीकी उपायों द्वारा संचालित है।

मंत्रालय के मुताबिक यह सफलता देश के भौगोलिक दृष्टि से सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता को प्रोत्साहन देने तथा प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा की गई विभिन्न पहलों के सामूहिक परिणाम को प्रतिबिंबित करती है।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में एक लाख से ज्यादा आवेदन के अवसर खुले

**नई दिल्ली। एजेंसी**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) पायलट चरण के दूसरे चरण का शुभारंभ हो गया है। इसके लिए एक बार फिर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में देश के 730 से अधिक जिलों में स्थित शीर्ष कंपनियों में एक लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे।



कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए पायलट चरण के दूसरे चरण की शुरुआत हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि पहले चरण में 6 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होने के बाद दूसरे चरण में देश के 730 से अधिक जिलों में शीर्ष कंपनियों में 1 लाख से अधिक इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। पीएमआईएस के दूसरे चरण के लिए देशभर में 70 से अधिक आईईसी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें अधिकतम इंटर्नशिप के अवसर वाले जिलों में, विश्वविद्यालय, कॉलेज और आईटीआई, रोजगार मेले आदि शामिल हैं, जो इन इंटर्नशिप के लिए जरूरी योग्यता के आधार पर हैं।

इसके अलावा अवसरों के एकत्रीकरण और युवाओं के लिए प्रासंगिकता के आधार पर कई प्लेटफार्मों और प्रभावशाली लोगों के जरिए राष्ट्रीय स्तर के डिजिटल अभियान चल रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि तेल, गैस और ऊर्जा, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव, धातु और खनन विनिर्माण और औद्योगिक, तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) और कई अन्य क्षेत्रों की 300 से अधिक शीर्ष कंपनियों ने भारतीय युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने, पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने और अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान में 14 आतंकवादियों के सिर पर भारी भरकम इनाम



**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने प्रांत के सबसे अशांत कुर्रम जिले में खूनखराबा कर रहे 14 आतंकवादियों को जिंदा या मुर्दा पकड़ने पर इनाम घोषित किया है। सरकारी अधिसूचना में इनाम की अनुमानित राशि लगभग 130 मिलियन रुपये बताई गई है। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, सबसे ज्यादा इनाम 30 मिलियन रुपये खूंखार आतंकवादी काजिम के लिए घोषित किया गया है। बाकी 13 आतंकियों पर 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का इनाम है। अधिसूचना में कहा गया है कि सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। यह निर्णय क्षेत्र आतंकवाद से लड़ने के सरकार के मजबूत प्रयासों के हिस्से के रूप में आया है। कुर्रम में आतंकवादियों के सिर पर इनाम का उद्देश्य जनता को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। हाल ही में कुर्रम के विभिन्न इलाकों से 10 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकवादी 17 फरवरी को एक काफिले पर हुए हमले में शामिल थे। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि विदेशी तत्व आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद मुहैया करा रहे हैं।

### ट्रक और कार की भिड़ंत में तीन की मौत

**करौली।** हिंडौन सिटी-महुवा मार्ग पर देवलन मोड़ के पास बुधवार रात एक ट्रक और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने भिड़ंत में सेना से रिटायर्ड हवलदार, उनकी बहू और पोते की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। नई मंडी थाना प्रभारी कुलदीप चारण के अनुसार, बाबूलाल गुर्जर अपनी बहू रोशना (30) और पोते रियांश (1) के साथ महुवा में डॉक्टर को दिखाकर अपने गांव तिघरिया (हिंडौन) लौट रहे थे। देवलन मोड़ के पास अचानक सामने आए तेज रफ्तार ट्रक से उनकी कार टकरा गई।

### कंटेनर से शराब बरामद, गाड़ी छोडकर भागा चालक

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान बंदबॉडी कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। कंटेनर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम एचसी मनदीप के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान भूना रोड फ्लाइओवर के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बंद बॉडी कंटेनर में भारी मात्रा में शराब भरी हुई है और वह सिरसा से हिसार की तरफ जाने वाला है।

### चिट्टा तस्करी में महिला वकील समेत छह गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में अंतरराज्यीय चिट्टा तस्करी गिरोह सन्दीप शाह के छह और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं और इसमें महिलाओं की भी अहम भूमिका सामने आई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक महिला वकील भी शामिल है जो नशे के इस अवैध कारोबार के वित्तीय लेनदेन में शामिल थी। पुलिस की कार्रवाई से गिरोह के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। अब तक इस गिरोह के सरगना संदीप शाह समेत करीब 36 तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 25 महिलाएं भी पुलिस के रडार पर हैं।

### नाबालिग के अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नाबालिग के अपहरणकर्ता को शहर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के लालजीवाला निवासी एक व्यक्ति ने 18 फरवरी को अपनी नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिए जाने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपित रामवीर उम्र 20 पता लालजीवाला वीआईपी घाट रोडीवेलवाला कोतवाली, हरिद्वार को चमगादड़ टापू के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज हत्या के आरोपित मां-बेटा गिरफ्तार

**हरदोई।** पचदेवरा थाना पुलिस ने गुरुवार को दहेज हत्या के आरोपित मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। दामाद समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगा है। जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज अंतर्गत ग्राम मिघौल निवासी रामनिवास ने पचदेवरा थाने में तहरीर देकर बताया कि पुत्री नीतू की शादी तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के मडैया मजरा पत्यौरा निवासी अभिषेक के साथ की थी। रविवार को उसे सूचना मिली कि उसकी पुत्री नीतू को दामाद अभिषेक, सास राजेश्वरी व तीन अन्य ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया।

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर ट्रॉली

**जालौन।** जालौन में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## उत्तराखंड सरकार ने पेश किया 1,01,175 करोड़ का बजट

# विकास के 7 बिंदुओं पर विशेष फोकस

**● उत्तराखंड राज्य में प्रथम बार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आय व्ययक प्रस्तुत**



**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। गुरुवार को विधानसभा में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने 1,01,175.33 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.30 प्रतिशत अधिक है। बजट में सात बिंदुओं पर विशेष तौर पर फोकस किया गया है। इस दौरान वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि यह बजट राज्य के भविष्य का विकास का रोड मैप तय करेगा। बजट में कृषि, ऊर्जा, अवसंरचना, संयोजकता, आयुष, कृषि व पर्यटन पर विकास के लिए पतिबद्धता जताई गई है। 101175.33 करोड़ रुपये बजट का आकार 2024-25 के सापेक्ष 13.30 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। व्यय में राजस्व व्यय 59954.65 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय 41220.68 करोड़ रुपये, पूंजीगत परिव्यय 14763.13 करोड़ रुपये है। कुल प्राप्तियां 101034.75 करोड़ रुपये, राजस्व प्राप्तियां 62540.54 करोड़ रुपये,पूंजीगत प्राप्तिया 38494.21 करोड़ रुपये है।

**गरीब कल्याण :-** मानव सेवा नारायण सेवा के तहत सामाजिक सुरक्षा के लिए 1811.66 करोड़ रुपये, विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी 918.92 करोड़ रुपये, अन्नपूर्ति योजना 600.00 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 207.18 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 54.12 करोड़ रुपये, ई. डब्ल्यू.एस.आवास के लिए अनुदान 25.00 करोड़ रुपये, परिवहन निगम की बसों में निर्धारित श्रेणी के यात्रियों हेतु निःशुल्क यात्रा की सुविधा, 40.00 करोड़ राज्य खाद्यान योजना, 10.00 करोड़, अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को सस्ती दरों पर नमक उपलब्ध कराने के लिए 34.36 करोड़ और निर्धन परिवार के लिए रसोई गैस पर अनुदान के लिए 55.00 करोड़ और पर्यावरण मित्र बीमा के लिए 2.00 करोड़ की दी गई है।

**बजट की विशेषताएं :-** उत्तराखंड राज्य में प्रथम बार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आय व्ययक प्रस्तुत किया जा रहा है। अवस्थापना निर्माण के अंतर्गत पूंजीगत परिव्यय में 14763.13 करोड़ का प्रविधान किया जा रहा है, जो अब तक सर्वाधिक है। ग्रामीण रोजगार के लिए मत्स्य विभाग की ट्राउट प्रोत्साहन योजना-146 करोड़, यूआईआईडीबी को हरिद्वार ऋषिकेश विकास के लिए परामर्शी सेवा के लिए 168.33 करोड़, स्टार्टअप वेंचर फंड-20 करोड़, प्रवासी उत्तराखंड परिषद-1 करोड़ रिवर फ्रंट डेवलपमेंट परियोजना (शारदा कॉरिडॉर)-10 करोड़, स्मार्ट सिटि के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु 6.5 करोड़ और होमगार्ड कल्याण कोष रिवोलविंग फंड-1 करोड़ रेशम फैडरेशन को रिवोलविंगफंड 5 करोड़ की व्यवस्था की गई है। समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिए 30 करोड़, स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन के लिए 125 करोड़, पेयजल और सिंचाई विभाग की योजनाओं के बिजली के भुगतान के लिए 490 करोड़, पुलिस विभाग में मादक पदार्थ से सम्बन्धित मुखबिरों के उत्साहवर्द्धन के लिए 10 लाख, भारतीय न्याय संहिता के लिए 20 करोड़, जलवायु परिवर्तन शमन के लिए 60 करोड़ की व्यवस्था है। विधानसभा में बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सदन में दोपहर साढ़े बारह बजे पहुंचे। वित्त मंत्री के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ साथ कई मंत्री और विधायक भी मौजूद थे।

### घर के अंदर मिला महिला और बेटी का शव, जांच में जुटी पुलिस


जालौन। उरई कोतवाली क्षेत्र स्थित अजनारी रोड रेलवे क्रासिंग के पास घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को एक महिला और उसकी सात साल बच्ची की लाश मिली है। परिजनों ने ससुरालियों पर जहर देकर दोनों को मारने का आरोप लगाया है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। उरई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले अश्वनी की पत्नी प्रियंका और उसकी बेटी का शव कमरे में मिला है। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे मायके वालों ने आरोप लगाया है कि दहेज के खातिर ससुरालियों ने जहर देकर उनकी बेटी और बच्ची को मारा है। इस मामले में पहले भी दहेज की मांग हुई थी, जिसमें मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद दोनों परिजनों में राजीनामा हो गया था। मामला थोड़े दिन शांत ?रहा फिर ससुरालीजन बेटी को दहेज के प्रताड़ित करने लगे थे। आशंका है कि इसी वजह से उन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी का कहना है कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। साक्ष्य संकलित किए हैं। घटना की जानकारी की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हेरोइन तस्करी के आरोप में पंजाब के दो व्यक्ति गिरफ्तार

कुल्लू। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हेरोइन तस्करी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद की गई खेप से स्पष्ट हो रहा है कि पड़ोसी राज्य पंजाब से हेरोइन कुल्लू सहित अन्य हिस्सों में पहुंच रही है। नशा तस्करी का मामला बुधवार बीती रात उस दौरान सामने आया जब एंटी नारकोटिस टास्क फोर्स दल को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति नशे की खेप लेकर बजौरा पहुंचे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर दल द्वारा हाट बजौरा फोर लेन फ्लाई ओवर के नीचे दबिश दी गई जहां दो व्यक्तियों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि मौका से 13 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। दोनों आरोपी कृष्ण पुत्र श्याम सून्दर निवासी हाउस न० 605, गली न० 13, वार्ड न० 24, नानक नगर लुधियाना पंजाब व सन्नी पुत्र राम स्वरूप निवासी हाउस न० 624, गली न० 15, नानक नगर लुधियाना के विरुद्ध पुलिस थाना भून्तर में धारा 21,29 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## श्रीलंकाई पुलिस देखती रह गई, भाड़े के हत्यारे ने कोर्ट में अंडरवर्ल्ड सरगना को मार दी गोली

**कोलंबो। एजेंसी**





श्रीलंका की राजधानी के हल्फ्सडॉर्प अदालत परिसर के कोर्ट नंबर 5 के अंदर पुलिस के कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अंडरवर्ल्ड सरगना गनेमुल्ले संजीवा की हत्या से गंभीर सवाल उठे हैं। पुलिस प्रवक्ता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुद्धिका मनातुंगा ने माना कि हत्यारों ने इस तथ्य का फायदा उठाया कि पुलिस वकीलों की जांच नहीं करती। मनातुंगा ने स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां रहीं। उन्हें ठीक करने के लिए भविष्य में कदम उठाए जाएंगे। द आइसलैंड न्यूज पेपर के अनुसार, दोनों हत्यारे वकील के वेश में पहुंचे। इनमें एक महिला है। इस महिला ने हथियार पहुंचाने में मदद की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आरोपित बंदूकधारी कुख्यात सुपारी किलर है। गोलीबारी के बाद हत्यारे ने भागने से पहले हथियार को अदालत कक्ष के अंदर फेंक दिया। पुलिस को संदेह है कि यह हत्याकांड दुबई से संचालित प्रतिद्वंद्वी अंडरवर्ल्ड गिरोह ने करवाया।

पुलिस प्रवक्ता बुद्धिका मनातुंगा के अनुसार, गनेमुल्ला संजीवा उर्फ संजीव कुमार समररत्ने को 19 फरवरी की सुबह लगभग 9:50 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच बूसा जेल से अदालत परिसर लाया गया। सशस्त्र एसटीएफ अधिकारियों को अदालत कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी, इसलिए वे बाहर प्रवेश द्वार के पास ही रुके रहे। कोर्ट कक्ष में अंडरवर्ल्ड सरगना संजीव को पुलिस की निगरानी में बैठाया गया। जांच में साफ हुआ है कि हत्यारा उसके पहुंचने से पहले ही अदालत कक्ष में दाखिल हो चुका था। वहां उसकी महिला साथी पहले से मौजूद थी। जैसे ही संजीव को कटघरे पर पहुंचाया गया, हत्यारे ने उसपर पिस्तौल से दनादन पांच फायर झोंक दिए। अदालत कक्ष में गोली चलते ही अफरातफरी मच गई। इस दौरान हत्यारा अपनी महिला साथी के साथ भाग गया।

## ट्रंप के जेलेंस्की को तानाशाह कहने पर यूक्रेन का बच्चा-बच्चा नाराज

**कीव। एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की को 'बिना चुनाव के तानाशाह' कहने पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। ट्रंप की टिप्पणी से यूक्रेन का बच्चा-बच्चा उनसे नाराज दिख रहा है। यूक्रेन के सभी राजनीतिक दलों ने राजधानी कीव में रैली कर ट्रंप की जमकर निंदा की। द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, ट्रंप ने कहा था कि जेलेंस्की असफल, अलोकप्रिय व्यक्ति है। इस युद्ध के लिए वह दोषी है। जेलेंस्की की जिद ने सैकड़ों हजारों लोगों को जीवन खत्म कर दिया। लाखों लोग विस्थापित होने को विवश हो गए। ट्रुथ सोशल पर बुधवार को ट्रम्प ने जेलेंस्की को बिना चुनाव के तानाशाह के रूप में वर्णित किया था। ट्रंप का यह बयान तब आया जब जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि ट्रंप, रूस के प्रभाव में आ गए हैं और क्रेमलिन के लिए अनुकूल शर्तों पर युद्ध खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, जरा सोचिए, एक मामूली सफल कॉमेडियन जेलेंस्की ने अमेरिका को 350 बिलियन डॉलर खर्च करने के लिए मना लिया। यह ऐसा युद्ध जो जीता नहीं जा सकता। इसे कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में रूस और अमेरिका के बीच एक बैठक हुई, जिसमें यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर चर्चा हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि जेलेंस्की की लोकप्रियता मात्र चार प्रतिशत रह गई है, जबकि ताजा सर्वे में उनकी अप्रूवल रेटिंग 57 प्रतिशत बताई गई है।

## वार्षिक कार्य योजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 28 फरवरी तक अपलोड करें : सीडीओ

**मुरादाबाद। एजेंसी**



मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने गुरुवार को विकास भवन स्थित बापू सभागार में मनरेगा, फैमिली आईडी, आंगनबाड़ी कायाकल्प, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की। सीडीओ ने कहा कि क्षेत्र पंचायतों की वार्षिक कार्य योजना तैयार कर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 28 फरवरी तक अपलोड कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत सभी विकास खंडों में कम से कम पांच खेल मैदान तैयार कराना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के अपूर्ण आवासों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित बीडीओ को दिए। क्षेत्र पंचायतों की वार्षिक कार्य योजना तैयार कर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 28 फरवरी तक अपलोड कराने, फैमिली आईडी के अंतर्गत जिन ग्राम पंचायत सचिवों की प्रगति कम है, ऐसे ग्राम पंचायत सचिवों की प्रतिदिन बैठक आयोजित कर अपेक्षित प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए।

### स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर 2.81 करोड़ की ठगी

**देहरादून।** स्टॉक ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश का झांसा देकर 2 करोड़ 81 लाख 77 हजार रुपये की ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्पेशल टॉस्क फोर्स नवनीत सिंह ने बताया कि सितम्बर 2024 को देहरादून निवासी पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई गई। शिकायत में बताया कि उसके मोबाल पर एक दिन लगातार कई मोबाइल नंबरों से फोन आए। संपर्क करने पर एक व्यक्ति ने परिचित बताकर व्हाट्सऐप ग्रुप जोड़ा और स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करके अच्छा खासा मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया। ग्रुप में दी गई जानकारी के तहत एक लिंक के माध्यम एक वेबसाइट से जोड़ा गया। दस्तावेज लिए और खाता खोल दिया। उसके बाद विभिन्न बैंक खातों में धनराशि जमा करवाई गई। वेबसाइट पर स्टॉक ट्रेडिंग निवेश से पीड़ित के खाते में मुनाफे की अच्छी खासी रकम दशार्यी गई।

## योगी सरकार का बजट, प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ : आनंदीबेन

**● बजट में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क, और रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है**

**लखनऊ। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश राज्य सरकार के बजट-2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को प्रदेश के विकास और आम लोगों के हितार्थ बताया। इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि बजट का फोकस प्रमुख रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों के कल्याण पर है। उन्होंने कहा कि महिला और श्रमिक कल्याण के लिए किए गए प्रावधानों को सराहा, जिससे महिला सशक्तिकरण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को बल मिलेगा।

श्राज्यपाल ने बताया कि बजट में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क, और रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है, जो प्रदेश की समृद्धि और कल्याण में सहायक होगा।

### जन औषधि केन्द्र में घुसे बदमाश, पिस्तौल दिखाकर हजारों रुपये लूटे

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में दो बदमाशों द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में घुसकर हजारों की नकदी लूटने का मामला सामने आया है। दो युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधा था और उन्होंने दुकानदार को पिस्तौल दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। इस बारे में सूचना मिलते ही थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। लूटपाट की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। इस बारे में पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन टोहाना निवासी सौरभ मित्तल ने बताया कि उसकी रेलवे रोड पर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के नाम से दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान पर बैठा था तो उसी दौरान 3 युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने के बहाने आए।

# महाकुम्भ में 54 करोड़ लोगों के एकत्र होने पर दुनिया चकित : हरिवंश

**● नई तकनीक से आने वाले दस सालों में पांच करोड़ नौकरियां मिलने वाली हैं**

**बलिया। एजेंसी**



महाकुम्भ के सफल आयोजन की सराहना करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि दुनिया चकित है कि 54 करोड़ लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर सफलता पूर्वक वापस जा चुके हैं। वे टीडी कालेज के मनोरंजन हाल में गुरूवार को 'हरिवंश का सृजन-संसार' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। हरिवंश यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में महाकुम्भ में दो-तीन अमेरिका नहा लेगा। यह भारत के पौरुष का प्रतीक है। कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ को सफल बनाने में योगदान देने वाले अधिकारी और कर्मचारी प्रसंशा के पात्र हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में युवाओं का भाग्य शिक्षा ही बदल सकती है।

श्रीमुरली मनोहर टाउन स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय और टाउन इंटर कालेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजयसभा के उपसभापति हरिवंश ने सबसे पहले भृगु मुनिको नमन करते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं इसमें बलिया की मिट्टी का योगदान है। इसका गौरवपूर्ण अतीत रहा है। यह ऋषियों और साधकों व क्रान्तिकारियों की धरती है। अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि मैं जहां पैदा हुआ वहां छह महीने तक बाढ़ का पानी रहता था। कहा कि गरीब भाग्य से होते हैं पर शिक्षा ने बीते तीस-चालीस सालों में लोगों का भाग्य बदला है। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा ही भाग्य बदल सकती है। क्योंकि शिक्षा ने सारे पुराने गणित को पलट दिया है।

उन्होंने उद्योगपति नारायण मूर्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने शिक्षा के बल पर नए प्रतिमान गढ़े। कहा कि शार्टकट से सफलता पाना चाहते हैं तो आप जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। 2014 में मोदी के नेतत्व में टेक्नोलाजी में क्रन्तिकारी परिवर्तन हुए हैं। भारत दुनिया में मजबूत ताकत बन रहा है। यह पश्चिम दुनिया को सुहा नहीं रहा है। हमें सपेरे और जादूगरों का देश कहा जाता था। बावजूद इसके आज पूरी दुनिया भारत की तरफ उम्मीद की नजर से देख रही है। नई तकनीक से आने वाले दस सालों में पांच करोड़ नौकरियां मिलने वाली हैं। उन्होंने युवाओं के सामने पूर्व राष्ट्रपति डा. कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी नकल करो। कहा कि दुनिया टेक्नोलाजी के परिवर्तन के द्वार पर खड़ी है। पुरानी टेक्नोलाजी वाली नौकरियां खतरे में हैं। इसलिए आज के चुनौतिपूर्ण दौर में युवा नई टेक्नोलाजी अपनाएं।

विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हरिवंश जी का सृजन संसार बहुत विशाल है। इतना अध्ययनशील राजनेता और पत्रकार वर्तमान दौर में बहुत कम रह गए हैं। हरिवंश जी की किताब 'सृष्टि का मुकुट कैलाश मानसरोवर' का जिक्र करते हुए कहा कि मानव अपने किए होने का एहसास न करे तो उसका जीना बेकार है। मनुष्य को कृतज्ञ होना चाहिए। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के पत्रकारिता विभाग के प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि अभी तक हरिवंश जी ने 28 मौलिक किताबों का सृजन किया है। यह उनकी पत्रकारिता और लेखन यात्रा को समझने के लिए काफी है। हरिवंश जी की लेखनी में देश और दुनिया की समस्याओं पर चिंतन है। साथ ही समस्याओं का समाधान भी है।

## रुद्राक्ष ,भस्म और शिव का नाम ही त्रिवेणी हैः आचार्य योगेश अवस्थी

**कानपुर। एजेंसी**



रुद्राक्ष ,भस्म और शिव का नाम ही त्रिवेणी है। भगवान शिव का नाम त्रिपुंड और रुद्राक्ष यही गंगा यमुना और सरस्वती है। इनको जो धारण करते हैं वह साक्षात त्रिवेणी के दर्शन करते हैं। यह बातें गुरुवार को महाकालेश्वर मंदिर कल्यानपुर में चल रही शिव महापुराण की कथा के द्वितीय दिवस में आचार्य योगेश अवस्थी योगिराज महाराज ने कही। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी के स्नान करने का फल प्राप्त होता है,रुद्राक्ष की महिमा को बताते हुए महाराज ने कहा कि मांस और मदिरा वाले रुद्राक्ष को त्याग दें या जो रुद्राक्ष धारण करते हैं वह मांस और मदिरा सेवन न करें। आचार्य ने कहा कि कथा में भस्म कैसे धारण की जाए जप विधि क्या है,ओम की उत्पत्ति ओम से ही ओम नमः शिवाय का प्रादुर्भाव हुआ ओम नमः शिवाय से त्रिपदा गायत्री से वेद और वेदों से यज्ञ यज्ञों से सभी के मनोरथ पूर्ण होते हैं। सत्संगति से विवेक की जागृति होती है और विवेक से विरक्ति और विरक्ति से अनुराग और अनुराग से परमात्मा की प्राप्ति हो जाती है।

